जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 06 ■ नवंबर 2025 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



## परिणय विशेषांक

64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

माहेश्वरी® चाय

स्थापित-1961

## आपके कप की चाय




हमारा इरादा,
आपकी संतुष्टि
ज्यादा से ज्यादा




## माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि. जयपुर

फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com | www.maheshwaritea.com

www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

SIDDHI

वर्ष 16 | अंक 6 | नवंबर, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100
8233681813

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

## संपादकीय

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा (पूर्व पार्षद)
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी (हरमाड़ा)
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू (मुरलीपुरा)
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर प्रसाद अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा (मुरलीपुरा)
राकेश झंवर (बंबाला)
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा


**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री
98281-12198


**मोहन तोषनीवाल**
प्रधान संपादक
98290-67553


**मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**
संपादक
98281-53965


**प्रिंसा (चारु) बांगड़**
संयोजक
99115-00431

**संस्कारों की गंगा बहे, संस्कृति का हो संचार,**
**समाज में फैले प्रेम, समर्पण और व्यवहार।**
**नई पीढ़ी पाए अपनी जड़ों का फिर से ज्ञान,**
**यही हमारी पत्रिका का सच्चा है अभियान।**

## परंपराओं का सम्मान और संबंधों का नवजीवन ही है 'परिणय बंधन'।

उजास की महायात्रा जब अन्नकूट की महाप्रसादी से तृप्त होकर हृदय के कण-कण में आनंद का संचार करती है, तब देवउठनी एकादशी का शुभ अवसर नए अध्याय का आरंभ करती है, वह है परिणय बंधन।

'परिणय' सामाजिक अनुबंध नहीं, अपितु प्रेम, उत्तरदायित्व, सम्मान, आदर्श और सहनशीलता की समष्टि है। वैदिक दृष्टिकोण में इसे 'संस्कारों का शिरोमणि' कहा गया है, जो सुखद गृहस्थ जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**विवाह में निहित है 'वाह'।** हमारी हिंदू विवाह पद्धति में हल्दी, मेहंदी ,संगीत, बत्तीसी, मायरा, कन्यादान, फेरे और सप्तपदी इत्यादि संपूर्ण रस्में गहन प्रभावशाली हैं, जिनसे जीवन की शिक्षा मिलती है।

आज समाज में विवाह भव्य आयोजन का रूप ले चुका है, माना जिससे व्यावसायिक चमक अत्यंत बढ़ गई है, परंतु घटते संस्कारों के साथ पुरातन रीति-रिवाजों को निभाने में कहीं चूक होने लगी है, फलस्वरूप रिश्ते शनैः-शनैः कच्चे धागों के समान हो गए हैं, जो तनिक आघात से ही टूटने लगे हैं।

इस प्रेरणादायक विशेषांक का प्रकाशन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज को यह स्मरण कराने का प्रयास है कि विवाह हमारी हिंदू सभ्यता की आत्मा है।

आपको बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि समाज की गरिमामयी व्यक्तित्व आ. सविता जी पटवारी द्वारा अनुभव एवं अध्ययन से लिखा हुआ मुख्य लेख बेहद प्रभावी है, विवाह की हर रीति-रिवाजों को बड़ी आसानी से निभाने की प्रेरणा देता है। इस विषय पर डॉ. कलावती करवा की कलम भी सार्थक संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर समाज के पदस्थ सेवक-सेविकाओं एवं समाज बंधुओं के इस विषय पर मनोभाव एवं मार्गदर्शन अभिनंदनीय हैं।

लग्न-दस्तूर को समझने हेतु नवंबर मास की इस महत्वपूर्ण पत्रिका को आप अवश्य सहेज कर रखिए, यह मेरा सुझाव है।

सभी नव-दंपत्तियों को सुखद वैवाहिक जीवन की अनंत मंगलकामनाएं।

मधु भूतड़ा 'अक्षरा'

kolorsworld.com

KOLORS®
make life better

LET LUXURY
ADORN YOUR
SPACES.



Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
M: +91 93524 79947

प्रिय समाज बंधुओं,

राम-राम,

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर पत्रिका के विशिष्ट 'परिणय विशेषांक' में मेरे मन की बात आप सभी आत्मजनों के साथ...

सर्वप्रथम, हाल ही में सामूहिक सहयोग से अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है, जिसके हेतु मैं सभी समाज बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं का हृदय तल से धन्यवाद देता हूँ।

वर्तमान समय में विवाह के आयोजन ने आधुनिकता का नया जामा धारण कर लिया है, परंतु यह अत्यंत आवश्यक है कि इनके मूल में सादगी, मितव्ययिता एवं संस्कार बना रहे।

इस 'परिणय विशेषांक' के माध्यम से हमारे रीति-रिवाज, परंपरा और सनातन मूल्य नई पीढ़ी तक पहुंचें, यही इसका उद्देश्य है।

*गृहस्थ एवं सामाजिक जीवन का संबल है 'परिणय बंधन'।*

परिणय ही परिवार एवं समाज की वह मर्यादित परिभाषा है, जिनसे हमारी हिंदू सभ्यता व संस्कृति अलंकृत होती है।

विवाह में व्यंजन सीमा पालन एक महत्त्वपूर्ण कदम है। आवश्यकता से अधिक व्यंजन अनावश्यक व्यय ही नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन का अपव्यय भी करती है। संतुलित गुणवत्ता पूर्ण भोजन व्यवस्था न केवल व्यावहारिक है, बल्कि यह हमारे सभ्य, सरल एवं सुंदर सोच की भी परिचायक है। अत्यधिक वैभव प्रदर्शन की होड़ में न जाएं। अपने हिंदू पुरातन रीति-रिवाजों एवं परम्पराओं का सत्कार करें।

मेरी अभिलाषा है कि हम सभी मिलकर समाज में विवेकशीलता, सादगी, संस्कार, समरसता और एकता को आगे बढ़ाते रहें।

वैवाहिक बंधन में निहित आपसी प्रेम, विश्वास, सहयोग एवं समझदारी ही सशक्त समाज की सबसे मजबूत नींव है।

**सादर प्रणाम।**



## उमेश सोनी
**अध्यक्ष**

विश्वास का दीप जलता है
इक नए डगर पर
सच्चे संस्कारों के संग
परिणय के सफर पर
प्रेम सम्मान भरोसा होती है
हृदय की भाषा
यही अटूट बंधन
रिश्ते की सच्ची परिभाषा।



समाज का अभिमान : बड़ों का आशीर्वाद, मातृशक्ति का सम्मान, बच्चों की मुस्कान

# At 265 DEGREE CONSULTANTS, we offer India's most structured, scientific approach to VASTU.



**CALL FOR APPOINTMENT**
+91-9782549090
+91-9929811117

**Struggling with stress, slow growth, or bad vibes at home or work?**
**It could be your VASTU. Here's how we fix it — *without breaking a single wall!***

## 7 SIMPLE STEPS TO SET YOUR SPACE RIGHT:

1. Share your floor plan & Google location.
2. We do a 20+ point Vastu check
3. Suggest easy, practical fixes (no demolition!)
4. Guide you on interiors & colours
5. Use your birth details for personalized AstroVastu
6. Visit to install metal remedies & Manjusha Kalash
7. See the shift — in health, money, mood & energy

**INSTAGRAM**
@265degreeconsultants

**WEBSITE**
www.265degreeconsultants.com

**PAN-INDIA**
Online & On-Site Consultations Available

**TRUSTED BY HOMEOWNERS, ENTREPRENEURS, BUILDERS, AND INDUSTRY LEADERS ACROSS INDIA.**

- **No breaking walls.**
- **No big changes.**
- **Just smart Vastu corrections.**

Send us your floor plan and we'll guide you from there!

जय श्री कृष्णा

दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव में आप के साथ और समर्थन के लिए आभार। युक्ति-शक्ति और भक्ति के साथ-साथ यथोचित समय देकर अन्नकूट समिति ने इस आयोजन को अभूतपूर्व बना इतिहास रच दिया। कार्यक्रम संयोजक भाई अतुल लोहिया और समस्त टीम को बधाई और साधुवाद। इसी कार्यक्रम में **पहली बार, सामाजिक प्रकल्पो में निरंतर-निश्छल-निस्वार्थ योगदान के लिये 'सेवा श्री सम्मान' से सर्वश्री नंदकिशोर जी चितलांगिया, अम्बिका प्रसाद जी भंडारी एवं रामदास जी कोठ्यारी को अलंकृत किया गया**। हार्दिक बधाईयाँ।।

माननीय, हम कालांतर के उस युग में रह रहे हैं, जहाँ सोशल मीडिया पर प्रचारित अर्धसत्य या झूठ को कुछ लोग बार-बार कहने लग जायें तो वो सच सा प्रतीत होने लगता है। ऐसी अवस्था में तथ्यों को जाने और समझे बिना, उस बात का बतंगड़ बनाना बहुत आसान होता है। अधूरी या गलत जानकारी के साथ कही हुई हमारी कोई बात अथवा कार्यवाही, न सिर्फ स्वयं की वरन् समाज की प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकती है। समाज हमारा घर है और मतभेद होने पर हम सदा घर में बैठ, चर्चा कर सर्वजन हित में निर्णय ले सकते हैं।

इसी कड़ी में, **इस सत्र की पहली साधारण सभा** 21 दिसंबर 2025 को अपराह्न 3 से 5 बजे तक एम.पी.एस., तिलक नगर लॉन में होगी। यहाँ सामाजिक कार्यों की जानकारी देने के साथ-साथ आप से संवाद कर हम आपके अमूल्य सुझाव भी लेंगे, जिसे आगे कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत कर, चर्चा कर अमल में लायेंगे। पधारें सा।

**अखिल भारतीय स्तर पर** आदरणीय हरि प्रसाद जी सोमानी, RPS को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक के लिये और उदय माहेश्वरी ( कचोलिया ) को CA प्रवेश परीक्षा-CPT में 18वीं रैंक के लिये और अर्चिता चितलांग्या को 5th National Muay Thai Championship के अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाइयाँ

समाज हेतु आप के सुझाव और पत्रिका हेतु आपके स्वरचित लेख, देश-विदेश की अनूठी जानकारियाँ, परिजनों की उपलब्धियाँ एवं अन्य सामग्री अंग्रेजी अथवा हिंदी में सादर आमंत्रित हैं।

msjmahamantri@gmail.com

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर — सेवा त्याग सदाचार — वर्षों की विरासत



**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

QR for suggestions





॥ श्री गणेशाय नमः॥
मानव सत्संग परिवार ट्रस्ट, कोलकाता –जयपुर के तत्वाधान में
सप्त दिवसीय
श्रीमद् भागवत कथा
का आयोजन
दिनांक : 22 दिसम्बर 2025, सोमवार से 28 दिसम्बर 2025, रविवार तक
समय : दोपहर 3.00 बजे से 6.30 बजे तक
कथा स्थल : "उत्सव" श्री माहेश्वरी समाज जन उपयोगी भवन
पी–10, सेक्टर –2, विद्याधर नगर, जयपुर
भागवत वक्ता : पूज्या साध्वी डॉ. विश्वेश्वरी देवी जी
संस्थापिका एवं परमाध्यक्षा श्री रामकृपा धाम ट्रस्ट, हरिद्वार
बड़े भाग्य मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब सन्तन गावा ।।
भगवत् कृपा से सभी के "दुर्लभ मानुष तन" का कल्याण हो जावें । इसलिये आप सभी धर्मप्रिय भक्तजन अपने इष्टमित्रों सहित इस संगीत रसात्मक भागवत् कथा का श्रवण कर रसास्वादन पाने के लिए सादर आमंत्रित हैं।
भागवत् कथा का लाइव प्रसारण का YouTube लिंक कथा स्थल से प्राप्त कर अपने प्रेमी सज्जनों को भेजकर हमें अनुग्रहित करें।
जयपुर
रामवल्लभ जाखोटिया 9829173611
गिरिराज प्रसाद मोदानी 9460003699
गौरीशंकर परवाल 9829059720
गोपाल दास मांधना 9818585882
विजय नागपाल 8696111111
श्रीमति निर्मला विनोद परवाल 9314902349
सम्पर्क सूत्र
विजय तापड़िया मो. 9314066350
श्याम सुन्दर काल्या मो. 8499886665
कोलकाता
घनश्याम दास मोदानी 9432498728
डॉ. श्रीवल्लभ नागौरी 7890078911
राकेश सिंह 9830010132
श्रीवल्लभ भूतड़ा 9331055579
रामावतार मालपानी 9831044674
श्री किशन राठी 9433201200

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



स्नेहलता साबू
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



ज्योति हुरकट
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्रीकृष्ण

जैसा कि यह परिणय विशेषांक है, तो वर्तमान समय को देखते हुए विवाह में होने वाली कुछ गतिविधियों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ कि आजकल के इस नए जमाने में हम कहीं न कहीं अपनी पुरानी संस्कृति और रिवाजों को भूलते जा रहे हैं।

हर परिवार, हर फंक्शन में अब डांस और गानों का चलन अत्यधिक बढ़ गया है और यह भी खुशी जाहिर करने का एक सुंदर तरीका है, लेकिन साथ ही, मैं एक बात कहना चाहती हूँ कि एक मां की खुशी सिर्फ इवेंट , पार्टी, डांस में नहीं होती है, बल्कि उन परंपराओं में भी छिपी होती है, जो हमारे बड़े-बुजुर्गों ने हमें सौंपी हैं।

हमारे रीति-रिवाज सिर्फ रस्में नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों की जड़ें हैं,इसलिए मैं बच्चों से प्रेमपूर्वक आग्रह करती हूँ कि ब्यूटी पार्लर और डांस के बीच थोड़ा-सा समय इन रीति-रिवाजों के लिए भी निकालें, जो हमारे सुव्यवस्थिति गृहस्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

अगर इसे हम आज अपना नहीं पाएं तो शायद आने वाले समय में ये रीति-रिवाज सिखाने वाला कोई न मिले, अत: इसे समझें और निभाने में सहयोग करें।

जब हम पूरे रीति-रिवाज निभाते हैं, तो हमारे बुजुर्गों के चेहरे पर जो संतोष और आशीर्वाद का भाव आता है, वही असली सुख है।

तो चलिए, इस विवाह को मस्ती और आधुनिकता के साथ-साथ अपनी परंपरा और संस्कृति से भी जोड़ते हैं।

नाच-गाना भी होगा, खुशी भी होगी और हमारे रिवाजों की सुंदर छवि भी बनी रहेगी, तभी तो यह विवाह सच्चे अर्थों में 'बंधन' कहलाएगा।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



सीए. अखिल भाला
अध्यक्ष



सीए. प्रवीण परवाल
सचिव

## प्रिय समाज बंधुओं एवं नवयुवक साथियों,

युवा भारत के निर्माण में नवाचार और स्टार्ट-अप संस्कृति एक निर्णायक ऊर्जा बनकर उभर रही है। माहेश्वरी समाज सदैव अपनी युवा शक्ति को आगे बढ़ाने, विचारों को प्रोत्साहित करने और अवसर निर्माण की दिशा में काम करता रहा है। MNM Startup Conclave इसी सतत् सोच का अगला सशक्त कदम है, जिसका मुख्य एजेंडा है- विचार से व्यवसाय तक। यह सेमिनार 6 फेज में सम्पन्न होगा- Problem Identification, Idea Validation, Prototype Development, Marketing, Financial Planning+Legal Compliance तथा Funding & Scale. इन 6 फेज में से पहला फेज 8 नवम्बर 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस श्रृंखला का उद्देश्य युवाओं के विचार को step-by-step एक वास्तविक व्यवसाय में परिवर्तित करने की क्षमता विकसित करना है, ताकि हमारी युवा शक्ति Job Seeker नहीं, Job Creator बने।

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम



आइए और खरीदिए बजाय खर्चीले फार्म हाउस के एक ऐसा फार्म हाउस जो आपको फार्म हाउस के आनंद के साथ साथ कमाई भी देगा, अर्थात वो आपका इनकम हाउस भी होगा। विश्वास नहीं हो रहा हो तो अन्य उपलब्ध जगहों/प्रोपर्टीज से तुलना या मिलान करके देखिए।

कुछ लोगों ने फार्म हाउस के फलों के पेड़ो से हो सकने वाली कम से कम संभावित आय के संबध मे भी जानकारी चाहने हेतु फोन किए थे।

इसी क्रम में समझाना चाहते हैं कि फलों के पौधे पौधरोपण पूर्ण होने के पांच वर्ष पश्चात् से अपनी पूर्ण क्षमता से उत्पादन देना शुरू करते हैं, लेकिन पौधरोपण के तीसरे वर्ष बाद उससे थोड़ी मात्रा में उत्पादन लिया जाता है जो कि उसकी पूर्ण क्षमता का करीब 25% से अधिक नहीं होना चाहिए। यदि इससे ज्यादा उत्पादन लिया जाता है तो पेड़ थोड़ा कमजोर रह जाता है, इससे आगे चलकर पेड़ जब अपनी पूर्ण क्षमता से उत्पादन देने लायक होता है तो वह उतने फल नहीं दे पाएगा, जितना उसे देना चाहिए। फिर चौथे वर्ष मे 50% उत्पादन लिया जाता है और उसके बाद पांचवे वर्ष से उसकी पूरी क्षमता के अनुसार उत्पादन ले सकते हैं। फलों के पेड़ो की संपूर्ण आयु सामान्यत: 35 वर्षों की मानी गई है, जिसमें से शुरू के पांच वर्ष उसे पूर्णरूपेण परिपक्व होने मे लगते हैं और अपनी 30 वर्ष की आयु तक यह अपनी पूर्ण क्षमता से उत्पादन देता रहता है। इसके पश्चात् जैसे बुढ़ापे में हमारी क्षमताएं कम हो जाती है वैसा ही पेड़ों के साथ भी होता हैं। इसलिए उस वक्त उन पेड़ों के बीच-बीच में पुन: नये पेड़ लगाये जाते हैं ताकि पुराने पेड़ों के नष्ट होने से पहले ही नये पेड़ तैयार हो जावें।

पांचवे वर्ष से कुछ पेडों की क्षमता 50 Kg. से 60 Kg. प्रतिवर्ष तक फल देने की होती है तो कुछ पेडों की क्षमता 100 Kg. प्रति पेड़ प्रतिवर्ष तक होती है। हम हमारे फार्म में कौनसे फलों के पेड़ लगाना चाहेंगे, यह हमारे अर्थात् फार्म हाउस खरीदने वालों की इच्छा पर निर्भर करेगा। यह मात्रा एकदम बेस्ट क्वालिटी के फलों की है। कुछ फल कमजोर क्वालिटी के भी लगते ही हैं। उनको इस मात्रा में शामिल नहीं किया गया है।

जिन पेड़ों से 50-60 Kg. फल प्राप्त होंगे, वे कम से कम करीब ₹ 125/- प्रति किलो के हिसाब से होलसेल मंडी में बिकते हैं, लेकिन मंडी टैक्स, मंडी पहुंचने तक का भाड़ा, पैकिंग, उतराई, लदाई इत्यादि काट कर करीब ₹ 100/- Nett. प्रतिकिलो हम को बच जाता है। जिन पेड़ों से फल 100 Kg. तक प्राप्त होते हैं वे करीब ₹ 70/- प्रति किलोग्राम के भाव से बिकते हैं और खर्चे काटकर हमें करीब ₹ 60/- प्रति किलोग्राम Nett. बच जाते हैं। यह सब एक सामान्य गणना है, कई बार हमें इससे अधिक भी मुनाफा हो सकता है।

लाल चंदन का पेड़ 12 वर्षों बाद प्रति पेड़ करीब ₹ 5,00,000/- (रूपये पांच लाख) प्रति पेड़ का उस वक्त बिकेगा जब वह पूर्ण रूप से तैयार हो जावेगा। आज के समय में 12 वर्ष आयु वाले ऐसे एक पेड़ की कीमत करीब ₹ 1,50,000/- से लेकर ₹ 1,75,000/- तक की है।

मकानात इत्यादि पूर्ण रूपेण बन जाने के बाद Eco Tourism के लिए यदि हम इसे किसी को किराए पर देते हैं तो करीब ₹ 10,000/- लगभग प्रतिदिन के हिसाब से हमें आय प्राप्त हो सकती है जितने भी दिन के लिए हम देते हैं उसके अनुसार।

प्रोपर्टी का पजेशन और टाइटल (वर्णित तरीके से प्रोपर्टी संपूर्ण तैयार हो जाने के बाद और संपूर्ण भुगतान प्राप्त हो जाने के बाद) शुरू से ही और आगे भी हमेशा आपके नाम पर ही रहेगा।

* Agro tourism is now a days growing business.

मात्र ₹ 7.25 करोड़ (सवा सात करोड़) रूपए में इतना सब कुछ खरीदने के लिए बुक करें।

**संपर्क करें**

**प्रेम चन्द मोदानी : +91- 9145866221**

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम
खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम



# पाणिग्रहण संस्कार एवं पारम्परिक विधि

आज पाश्चात्य शैली के बढ़ते प्रभाव से यह देखा जा रहा है कि समाज में जन्म, विवाह संस्कार के समय लोकप्रिय रीति-रिवाजों, नियमों एवं संस्कारित कार्यक्रमों का क्षय होता जा रहा है। अतः हमारी पुरातन संस्कृति के रीति-रिवाजों को नई पीढ़ी में स्थानांतरित करने के लिये इस प्रकार के लेख बहुत उपयोगी साबित होंगे। हिन्दू धर्म के सोलह संस्कारों में महत्वपूर्ण विवाह संस्कार के रीति-रिवाजों की हम इस लेख में चर्चा करते हैं।

## कच्चा दस्तूर ( रोका )



वर-वधू पक्ष आपसी सहमति से सम्बन्ध निश्चित करते हैं जिसे कच्चा दस्तूर या रोका कहते हैं।

विवाह का शुभ मुहूर्त निकालने पर गणपति निमन्त्रण से पहले किसी भी शुभ दिन पापड़ और मंगोड़ी बनाये जाते हैं। जिस घर में शादी है वहाँ सालभर तक मंगोड़ी नही बनाई जाती। यदि बेटी का विवाह है तो सवा पांच किलो पापड़ और सवा किलो मंगोड़ी भी भेजी जाती है।

'विवाह का शुभ मुहूर्त निकलने पर निमन्त्रण पत्र छपवाये जाते हैं।'

गणपति जी को निमन्त्रण देने से पहली शाम को पीले चावल किये जाते हैं। घर की सुहागन बहू-बेटी मलमल के सफेद रूमाल जितने कपड़े पर साबूत चावल रखें, उसमें थोड़ा सा घी और हल्दी डालें फिर हथेली पर रखकर धीरे-धीरे मलें ताकि चावल टूटें नहीं।

चावल के पीले होने पर उन्हें कपड़े सहित पोटली बनाकर गणेश जी की थाली में रखें चावल में एक चांदी का रुपया भी रखें।लेकिन पोटली में गांठ नही लगायें। गणेश जी की थाली में सभी पूजन सामग्री रखकर लाल कपड़े में थाली को लपेट देते हैं लेकिन गांठ नही लगाते।

## गणपति निमन्त्रण

सभी वैवाहिक कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हों, इसके लिये सर्वप्रथम देवाधिदेव गणपति जी को विवाह में आमंत्रित किया जाता है। वर-वधू के पिता, भाई, जीजा, भतीजा, भांजा कोई भी चार या सात लोग गणेश जी को न्योतने जाते हैं। वापस आने पर वर-वधू की मां कलश लेकर द्वार पर खड़ी होती है, जंवाई जी कलश में कुछ शगुन के रुपये आदि डालते हैं। मां सभी को तिलक लगाती हैं। गणपति जी एवं अन्य देवी देवताओं के गीत गाये जाते हैं।

## पहली पावणी को निमन्त्रण देना

गणपति निमन्त्रण के दिन ही घर की बहन, बेटी को निमन्त्रण दिया जाता है। जिसे सवासणी कहा जाता है। वह अपने साथ कलश और लड्डू लेकर आती है।

उसके बाद सात धान और हल्दी मूंग हाथ लेना रस्में निभाई जाती हैं। इसमें सात सुहागन को तिलक लगाकर मोली बांधी जाती है, वे मूंग रलकाती हैं। छाजले, बेलन और मूसल की रोली मोली से पूजा कर सात धान, हल्दी की गांठ, पताशे और कुछ सिक्के डाल कर सिर पर चुनरी ओढ़कर छाजले से उलट पलट किया जाता है।

## हल्द रस्म

घट्टी या मिक्सी की पूजा कर सात सुहागन द्वारा पीठी पीसी जाती है। वर या वधू को चौकी पर बैठाकर हल्दी लगाई जाती है। उपरोक्त सभी रस्मों से सम्बंधित गीत गाये जाते हैं। सभी नेकचार करने वालों को शगुन के गुड़ या पताशे दिये जाते हैं।

वधू पक्ष द्वारा पंडित जी से शुभ मुहूर्त में 'लग्न पत्रिका' लिखाकर वर पक्ष को भेजी जाती है।

## बना-बनी, घोड़ी सेवरा, सुहाग कामण

गणपति न्यौतने के दिन से ही प्रतिदिन विवाह के घर बना-बनी गीत गाये जाते हैं। सर्वप्रथम गणपति गीत, बना-बनी, वर पक्ष के



यहाँ घोड़ी सेवरा व वधू पक्ष के यहां सुहागन कामण तथा वारणा ख्याल आदि गीतों के द्वारा मनोरंजन किया जाता है। गीतों के माध्यम से वर-वधू को घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होता है और सुखद गृहस्थी के लिये कुछ संदेश भी दिये जाते हैं।

## सांकडी विंदायक

विवाह के सभी काम निर्विघ्न सम्पन्न हों, धन-धान्य, सुख समृद्धि की कमी ना हो इसके लिये शादी के तीन चार दिन पहले या शादी के ही दिन शुभ मुहूर्त में पंडित जी द्वारा दिवार पर गणेश जी का पाना लगाकर पूजा करवाई जाती है। जिसमें भतीजा, भांजा या फिर घर का कोई भी छोटे बच्चे को विंदायक बनाया जाता है। जिसे वर या वधू के साथ आगे होने वाली सभी रस्मों में बैठाया जाता है।

## हल्दी या पीठी चढ़ाना या तेल-बान



विवाह में इस शगुन को बहुत शुभ माना जाता है। पहले विंदायक रूपी बालक को फिर वर या वधू को हल्दी या पीठी लगाई जाती है। इसे पैर घुटना, कंधा, सिर पर नीचे से ऊपर की तरफ लगाई जाती है। इसके बाद अटाल की रस्म की जाती है। जिसमें चार मां-बाप वाली सुहागन महिला यानि जिसके मां-बाप और सास-ससुर चारों हों, वह कुल्हड मे रखे दही को बेलन की सहायता से सिर पर लगाती है। जिसे वर या वधू के माता-पिता द्वारा मसला जाता है।

आजकल इस शगुन को बहुत बढ़ा चढ़ा दिया है। वर या वधू को नहाने के बाद लखधणा की रस्म करते हैं जिसमें सात सुहागन द्वारा अदला बदला जाता है। फिर पिता द्वारा नेग देकर चौकी से नीचे उतारा जाता है। चौकी के पास दीपक को उल्टा रखकर उसके नीचे कुछ पैसे रखकर दीपक को दबाकर उतारा जाता है।

IIHMR UNIVERSITY
JAIPUR

## Admission Open 2026

Healthcare has become one of the largest and fastest-growing sectors of the Indian economy in terms of both revenue and employment, creating immense potential for young individuals to explore new career paths.

Our programs are dynamically responding to the evolving global landscape. Students are equipped with the most sought-after critical skills for decision-making including leadership, management, data-science, and tech skills.

### Programmes Offered

## MBA Programs

(*Two-year full-time programs*)

**MBA (Hospital and Health Management)**
Specializations are available in
- Hospital Management
- Health Management

**MBA (Pharmaceutical Management)**

**MBA (Healthcare Analytics)**

For Admission
Scan this QR Code
**APPLY NOW**

## MPH Programs

(*Two-year full-time programs*)

**Master of Public Health**
**Specialization is available in**
- **Implementation Science**

**Master of Public Health**
(Offered by John Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA in cooperation with IIHMR University)

**#1**
Healthcare Management University in India by Education World 2025

**40+ Years**
Legacy in
Health Management Research

**₹ 35.6 LPA**
Highest Package



To know more about admissions

**+91-9145989952, +91-9358893199, +91-9358893198, +91-9358821088, +91-9001919777**

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in 1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur-302029, Rajasthan, India

गणेश जी के पाने के सन्मुख सात सुहागन महिलाओं द्वारा बालक रूपी गणेश और वर या वधू को चांदी के सिक्के से पताशे में घी रखकर खिलाया जाता है।

सबसे पहले विंदायक बने बालक को, वर-वधू को और आने वाले सुहागन महिलाओं को कांकण डोरडे बांधे जाते हैं।

देवताओं, विंदायक, हल्दी-पीठी, बना-बनी, बधाई आदि गीत गाये जाते हैं।

## चाक पूजन

यह रस्म मायरे से पहले होती है। गाजे बाजे से कुम्हार के जाकर घर की महिलायें कुम्हार के बर्तन बनाने वाले चाक की पूजा करती हैं। कुम्हार और कुम्हारिन के कपड़े दिये जाते हैं। पांच या सात कलश सुहागन महिलायें लेकर आती हैं। द्वार पर आकर राई नमक से सब की नजर उतार कर घर के जवांई कलश उतारते हैं। उन्हें नेग दिया जाता है। सभी कलश को गेहूँ की ढेरी पर विंदायक जी के सामने रखते हैं।



## बत्तीसी न्योतना

विवाह के कुछ दिन पूर्व वर या वधू की मां पीहर पक्ष व भाईयों को विवाह का निमंत्रण देने जाती है। भाई को चौक पर बैठाकर बत्तीसी झिलाती है। इसमें मेवा के 32-32 पीस, गुड की भेली, चावल, भाई-भतीजों के कपड़े या लिफाफे, भाभी के साड़ी व ब्लाउज, शादी का कार्ड आदि सामान होता है।

## मायरा

विवाह के अवसर पर भाईयों के आने पर वर या वधू की मां परिवारजनों के साथ कलश लेकर भाईयों का स्वागत करती है। भाई यथाशक्ति कलश में रुपये डालते हैं। बहन सभी भाई भतीजों को तिलक लगाकर नारियल और रुपये और भाभियों को ब्लाउज और रुपये देती है। भाई बहन को चुन्दडी ओढ़ाते हैं। इसके बाद मायरा पहनाया जाता है।

सबसे पहले देवताओं के कपड़े और लिफाफे दिये जाते हैं। फिर विंदायक रूपी बालक का नेग कर मायरा शुरू किया जाता है।

भाई अपनी बहन के सभी ससुराल जनों और रिश्तेदारों को चौकी पर बैठाकर यथाशक्ति कपड़े और लिफाफे देते हैं। अंत में वर या वधू को व अपनी बहन-बहनोई का नेग करती है।

इसके बाद बहन अपने भाई, भावज, भतीजों का आरता करती है व शर्बत पिलाती है और प्रेम से गले मिलती है और सभी की नजर उतार कर रुपये वार कर नाई या फिर काम करने वालों को दे देती है।

## सगाई

यह विवाह की महत्वपूर्ण रस्म है। इसमें वर और वधू दोनों को चौकी पर बैठाकर गोद भरी जाती है और गहने पहनाये जाते हैं। इस रस्म को तिलक या टीका भी कहते हैं।

वर और वधू पक्ष वाले दुल्हा-दुल्हन के छोटे भाई-बहन के कपड़े भी लाते हैं। वर की मां वर से और वधू की मां वधू से गोद पल्ले में लेती हैं। देवताओं के ढोक लगाई जाती है। इसी कार्यक्रम में रिंग सेरेमनी और महिला संगीत का कार्यक्रम भी होता है।

## निकासी या घुड़चढ़ी

यह रस्म वर पक्ष की होती है। दुल्हे को जीजा जी द्वारा तैयार किया जाता है। जीजा जी को नेग



दिया जाता है उसके पहले नहाने के पहले तेल उतारा जाता है, तेल चढ़ाते समय नीचे से ऊपर उतारते समय ऊपर से नीचे इस रस्म को करते हैं। दुल्हे के तैयार होने पर चौकी पर खड़ा कर लखदण लिया जाता है। चौकी पर से मामा नीचे उतारता है, मामा जी को नेग दिया जाता है। फिर घोड़ी पर बैठाकर मां द्वारा घोड़ी की पूजा की जाती है। घोड़ी को गुड़ और चने की भीगी दाल खिलाई जाती है और घोड़ी वाले को नेग दिया जाता है।

वर की मां बेटे को तिलक कर गुड़ से मुहं मीठा करवाती है। कच्चे सूत और मोली से दुल्हे का सीना नापती है। भाभी काजल लगाकर नेग लेती है। दादी द्वारा दूध पिलाकर आशीर्वाद दिया जाता है। सभी रिश्तेदार वर को टीका कर नेग देते हैं। घर के सभी जंवाईयों द्वारा घोड़ी की लगाम पकड़ी जाती है, नेग लिया जाता है। बारात रवाना होती है।

## थाम रोपना

यह रस्म वधू पक्ष द्वारा होती है। फेरों के लिये जहां मण्डप बनता है, यह रस्म वहीं होती है। वधू के माता-पिता के साथ वधू और बालक विंदायक को बैठाकर पंडित जी द्वारा यह पूजा करवाई जाती है। लकड़ी से बने थाम पर कलश रखकर लाल कपड़े से बांधकर मण्डप में रोपित किया जाता है। सात सुहागन महिलायें वधू के कान में अखण्ड सौभाग्यवती रहो ऐसा बोलती हैं। वधू के मामा द्वारा अपनी बहन और जीजा जी को कपड़े दिये जाते हैं। सवासणी द्वारा आरता किया जाता है।

## पडला या वरी

वर पक्ष द्वारा वधू के लिये गहने, कपड़े, फल, मिठाई भेजे जाते हैं। वर के जीजा जी और अन्य चार-पांच लोग यह सामान लाते हैं, वधू पक्ष के बड़े लोग सभी सामान को संभालते हैं और वर पक्ष से आये लोगों को शगुन देते हैं।

## वरना, सामेला और मिलनी

बारात रवाना होने के बाद शादी की जगह तोरण पर आने से पहले यह रस्म होती है। पंडित जी द्वारा पूजा कराने के बाद वधू के माता-पिता परात में वर के पांव धोते हैं। वर को कपड़े और नेग देते हैं। यहाँ पर समधी मिलनी होती है। समधी-समधी, मामा-मामा, जीजा जी-जीजा जी इस प्रकार सब खास रिश्तेदारों की मिलनी होती है।

## तोरण

विवाह स्थल पर पहुँचने पर वर द्वारा दरवाजे पर बंधे तोरण को नीम की टहनी या तलवार से छूकर यह रस्म की जाती है। तोरण मारने के बाद वधू की मां कलश लेकर दुल्हे के सामने आती है, कलश में नेग डाला जाता है, जो कि वधू पक्ष की तरफ से ही डाला जाता है। फिर वधू की मां भी पहले घोड़ी की पूजा कर चने की दाल खिलाकर, घोड़ी को साड़ी उढ़ाती है। वर को टीका कर आरता करती है। सात अन्य रिश्तेदार जैसे बहन, भाभी, मामी आदि अन्य छोटी-छोटी रस्में काजल डलाई, मेंहंदी लगाई आदि करती हैं, उन्हें भी नेग देते हैं। सभी नेग वधू पक्ष द्वारा ही दिये जाते हैं।

वरमाला के लिये स्टेज पर ले जाने से पहले वधू के मामा द्वारा तीन फेरे तोरण के स्थान पर ही वधू को गोद में लेकर करवाये जाते हैं। वरमाला के लिये विशेष बने स्टेज पर वर-वधू को ले जाया जाता है। जहाँ सभी रिश्तेदारों की उपस्थिति में वरमाला होती है।

## मंगल फेरे

हिन्दू धर्म शास्त्रों में मंगल फेरे विवाह की महत्वपूर्ण रस्म है। वर-वधू एक दूसरे को सात



भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब **घुटना प्रत्यारोपण** कराये
**AI** (Artificial Intelligence) & **AR** (Augmented Reality) तकनीक द्वारा

## Robotic AI और AR तकनीक के फायदे



- रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
- सबसे उन्नत और सटीक
- जटिलताओं का जोखिम कम
- बेहतर परिणाम
- पहले से और भी सुरक्षित



MISSO Planner



Robotic Arm

# PARTANI CLINIC



## डॉ. अरुण परतानी

एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट

**16 वर्षों का सफल अनुभव**

## DENTAL IMPLANTS

not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!







## डॉ. भारती परतानी

BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist

**15 वर्षों का सफल अनुभव**

### *Quality Dental Care*

- ☑ Dental Implants
- ☑ Teeth Whitening
- ☑ Root Canal
- ☑ Composite Filings
- ☑ Ceramic or
- ☑ Porclain Crowns
- ☑ And Many More......

**किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।**

**175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015**

**For Queries ✆ 9783788887, 8742067974, 9887302501**

वचन देते हैं। दो दिलों के साथ-साथ दो परिवारों का मिलन होता है। परिणय संस्कार फेरों के बाद ही पूरा होता है।

यज्ञ वेदी को विधि-विधान से सजाकर वर-वधू को बैठाया जाता है। वधू मामा के द्वारा दी गई साड़ी पहन कर विंदायक जी को ढोक कर, गणगौर पूजकर मण्डप में आती है। वर के बंधे दो मोड में से एक खोलकर वधू को बांधा जाता है।

पंडित जी पहले वधू के माता-पिता का गठजोड करते हैं। फिर वर-वधू का गठजोड वर की बहन से करवाते हैं। हथलेवे में वधू के दायें हाथ में पान पर हल्दी और मेंहदी का लेप लगाकर वर के बायें हाथ पर रखकर लाल कपड़े से बांध दिया जाता है। जो कन्यादान तक जुड़ा रहता है।

पंडित जी द्वारा अग्नि के सामने अन्य फेरे करवाये जाते हैं। कन्या के हाथ पीले कर वधू के माता-पिता वर को सौंपते हैं और बोलते हैं कि तुम धर्म,अर्थ व काम तीनों पुरुषार्थ में अपनी पत्नी का सहयोग लेना और देना।

फेरों के बाद चांदी के सिक्के से वर द्वारा वधू की मांग सिंदूर से भरी जाती है और मंगलसूत्र पहनाया जाता है। वधू की छोटी बहनों द्वारा वर के जूतों को छिपा दिया जाता है, वर पक्ष द्वारा नेग मिलने पर ही जूता दिया जाता है।

### विदाई

फेरों से उठने के बाद विनायक जी को ढोक लगाकर वधू की विदाई होती है।

एक बार वधू को जनवासे लेकर जाते हैं, वहाँ वधू के ससुर जी गोद बैठाकर वधू को अंगूठी पहनाते हैं और मेवा से वधू की गोद भरते हैं। फिर वधू पीहर पक्ष में आती है,वहाँ वर को 'कंवर कलेवा' करवाया जाता है और नेग दिया जाता है।

**'पंगलाचार'** में सभी रिश्तेदार वर-वधू की परिक्रमा करते हैं और नेग देते हैं। वर से तणी खुलवा कर और भट्टी ठंडी करवाते हैं और नेग देते हैं।

**'पहरावणी'** में वर पक्ष के सबसे बड़े सदस्य को चौकी पर बैठाकर तिलक लगाकर हास-परिहास के रूप में मेकअप किया जाता है,पीला ओढ़ाया जाता है। कांसे के कटोरे में श्रद्धानुसार नेग रखकर देते हैं।

वधू पक्ष द्वारा दिया जाने वाला सभी सामान वर पक्ष को संभलवाया जाता है।

वर-वधू से देली या दहलीज पूजाने के बाद विदाई होती है।

वधू द्वारा विदाई के समय पीछे लड्डू उछाला जाता है। चावल उछाले जाते हैं, जिन्हें वधू की माँ अपनी साड़ी के पल्ले में लेने की कोशिश करती है।

वर की गाड़ी के नीचे नारियल बंधारा जाता है। विदाई के गीत गाते हुये, लाडो बिटिया को विदा करते हैं।

**'नवजोडे का स्वागत'** वधू पहली बार ससुराल आती है, तब वधू को कार से उतारने पर सासू जी बहू के चुनरी के पल्ले पर नथ टांकती है और कार से नीचे उतारती है। ससुराल के घर में प्रवेश करने से पहले वर की बहनें बाढ़ रूकाई का नेग लेने पर ही घर के अन्दर आने देती हैं।

अब परात में रोली घोलकर वधू के दोनों पैरों को परात में रखकर सफेद कपड़े पर पगल्या छपवाते हैं।



सात थालियों में पताशे, पूरी, मूंग, रुपया रखकर लाईन से थोड़ी-थोड़ी दूर रखते हैं। जिन्हें दुल्हा अपनी कटार से इधर उधर करता है और वधू बिना आवाज करे उन्हें एक के ऊपर एक रखकर सासू जी को देती है। वर-वधू को गणेश जी के ढोक लगवाकर ,रातीजगा किया जाता है, बधाई और बधावे गाये जाते हैं।

'दूसरे दिन वर-वधू को ग्राम देवताओं के ढोक लगवाई जाती है।'

'जुआ-जुई खिलाई जाती है।'

'कांकण डोरडे खुलवाये जाते हैं।'

मुंह दिखाई और पग पकड़ाई की रस्म होती है।

'ससुर जी द्वारा रुपयों की थैली में हाथ डलवाया जाता है।' जिससे बहू की चतुराई की जांच होती है। रुपये वधू को ही दे दिये जाते हैं।

'सुहाग-थाल की रस्म' की जाती है। चावल में घी, बूरा मिलाकर महिलाओं द्वारा चांदी के रुपये से सात-सात ग्रास खिलाये जाते हैं।

**'गणेश जी की रसोई'** जिस प्रकार देवाधिदेव गणेश जी को प्रथम निमन्त्रण देकर विवाह कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाता है उसी प्रकार सभी काम निर्विघ्न सम्पन्न होने से गणेश जी को धन्यवाद देते हुए चूरमा,दाल, बाटी का भोग लगाया जाता है। देवी-देवताओं के आगे की सामग्री ब्राह्मण को दे दी जाती है।

इस प्रकार गणेश जी की रसोई के साथ ही विवाह के सभी कार्य सम्पन्न हो जाते हैं।



■ सविता पटवारी
पूर्व अध्यक्षा, महिला परिषद्

## हमें तो अब जाना है...



हम वह पके हुए फल हैं
जो रिश्तो की शाख पर लटके हैं
शाखा से गिर सकते हैं
पर भावनाओ में अटके है।

हम ममता की छांव में
खिले हुए वो गुलाब हैं
वक्तकी कढ़ाई में तले गए
और गुलाब-जामुन बन गए।

हम दूध में पके हुई
पुराने चावल की खीर हैं
हम देसी मिठाइयों-सी
अनुपम मिठास की तस्वीर हैं।

माना यह जमाना नया है
और तुम मैगी बर्गर खाने लगे हो
शादी-विवाह में रिश्तों की जगह
अपना कमाया हुआ धन
व्यर्थ में बहाने लगे हो।

हम भी दिखाने के लिए
जमाने के साथ बदल तो रहे है
पराठों के बीते स्वाद के स्थान पर
पिज्जा-बर्गर को गटक रहे हैं।

हम जीवन यात्रा के
अंतिम पड़ाव पर आ चुके हैं
यह विरासत हमारी धरोहर
तुम्हें सम्हला चुके हैं।

एक सीख मेरी यही...
इतना मत बदलो कि
सब बात बदल जाए
जीवन के सारे जज्बात बदल जाएं।

मन की पीड़ा
अब किसी से कह नही पाते हैं
आधुनिकता को देख कर
यह मोती अपने आप ही बह जाते हैं।

संभल जाओ और सम्हालो
तुम्हारी यह स्वर्णिम विरासत है
जिन जिम्मेदारियों को बोझ समझ रहे हो
वही तुम्हारी ताकत है।

यह समय फिर लौट
कर नही आना है
क्योंकि ....
हमें तो अब जाना है।



■ सत्यनारायण तोतला

ATHENA BANQUET

# आपकी ख़ुशियों के खास मौके के लिए परफेक्ट जगह!

ANGEL RESORT
Managed by
Orange Hospitality



Collaboration | Birthday Party | Wedding | Engagement | Conference | Business Meetings










# ATHENA BANQUET

- 26 एकड़ में फैला यह लॉन अविस्मरणीय समारोहों के लिए एक अद्भुत स्थान प्रदान करता है, जो 2,000 मेहमानों तक की मेजबानी कर सकता है।
- शानदार सुविधाएँ: 63सुसज्जित कमरे, निजी डेक क्षेत्र और स्विमिंग पूल के साथ।
- आकर्षक बैंक्वेट हॉल: कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त, 500 लोगों तक की बैठने की क्षमता।

athenabyangelresort
Athena banquet jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas, Highway, Jaipur, Rajasthan 302013

7340019741
9119155556

विवाह उत्सव :

# समय, मुहूर्त और आधुनिकता के साथ संस्कृति का समायोजन

भारतीय जीवन में विवाह दो परिवारों और दो संस्कृतियों का पवित्र मिलन माना जाता है। समय के साथ समाज बदला, लोगों की जीवनशैली बदली और विवाह आयोजन की शैली भी आधुनिकता से प्रभावित हुई। फिर भी, भारतीय संस्कृति की जड़ें आज भी उतनी ही मजबूत हैं, क्योंकि आधुनिकता के बीच भी संस्कारों का सम्मान कायम है।

पहले का समय और मुहूर्त का महत्व- पुराने समय में विवाह की तिथि और मुहूर्त तय करना एक गंभीर और अत्यंत पवित्र प्रक्रिया मानी जाती थी। परिवार पंडित से पंचांग देखकर शुभ नक्षत्र, दिन, लग्न और ग्रह-स्थिति का चयन करते थे।

मुहूर्त का महत्व इसलिए भी अधिक था क्योंकि माना जाता था कि सही समय पर किये गए शुभ कर्म जीवन में स्थायी सुख और समृद्धि लाते हैं।

विवाह अनुष्ठान भी अक्सर कई दिनों तक चलते थे, जिनमें संस्कृति, रस्मों और परंपराओं का गहरा स्पर्श होता था।

आज का बदलता समय और नई जरूरतें- तेजी से बदलती जीवनशैली ने विवाह समारोहों को भी प्रभावित किया है।

काम की व्यस्तता, शहरों में रहने की सीमाएँ और समय की कमी के कारण विवाह की तिथि और मुहूर्त अक्सर सुविधा को ध्यान में रखकर तय किए जाने लगे हैं।

कई परिवार सप्ताहांत या अवकाश वाले दिनों में समारोह रखना पसंद करते हैं ताकि मेहमान आराम से शामिल हो सकें।

विवाह आयोजन में आधुनिक सजावट, थीम आधारित कार्यक्रम, डिजिटल निमंत्रण और फोटोग्राफी जैसी नई अवधारणाएँ भी शामिल हो गई हैं। ये बदलाव एक ओर विवाह को आकर्षक बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक पहलुओं को भी नया आयाम देते हैं।

### संस्कृति और आधुनिकता का सुंदर समायोजन

बदलते समय के बावजूद भारतीय विवाह की आत्मा आज भी परंपरा में ही बसती है। गणेश पूजन, हल्दी, मेहंदी, बारात, फेरे और विदाई जैसे संस्कारों में आज भी वही भावनात्मक गरिमा बरकरार है। फर्क सिर्फ इतना है कि इन रस्मों की प्रस्तुति में आधुनिकता ने हल्की-सी चमक जोड़ दी है।

जहां पहले विवाह घरों या खुले आँगनों में होते थे, वहीं आज होटल, रिसॉर्ट और बैंक्वेट हॉल नई पीढ़ी की पसंद हैं।

फिर भी, मंदिर में मंगला चरण, पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण और अग्नि के सात फेरे आज भी उसी श्रद्धा से निभाए जाते हैं जैसे पुराने समय में।

परंपरा को संजोते हुए आगे बढ़ने की राह- विवाह उत्सव भारतीय संस्कृति की उस खूबसूरत परंपरा का प्रतीक है जो समय के फेर में भी अपनी पहचान नहीं खोती।

आधुनिकता और संस्कृति साथ मिलकर विवाह को न केवल आकर्षक बनाते हैं बल्कि उसे यादगार भी करते हैं।

जरूरी यह है कि सुविधा और समय की मांग के साथ कदम से कदम मिलाते हुए भी हम अपनी जड़ों को सम्मान देते रहें। यही समायोजन विवाह उत्सव को आज भी उतना ही पावन, उत्साहपूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाए रखता है।



■ मेघा मालपानी

सामंजस्य :

# संबंधों का सबसे सुंदर आभूषण

( आधुनिक विवाहों पर एक चिंतन )



जिस क्षण कोई रिश्ता तय होता है, उसी क्षण से परिवारों में उल्लास की लहर दौड़ जाती है। घर-आँगन में सजावट, तैयारियों का उत्साह और मन में अनगिनत सपने- सब कुछ उस पवित्र दिन की प्रतीक्षा में जीवंत हो उठता है। माता-पिता अपनी संतान के विवाह को जीवन का सबसे बड़ा उत्सव मानते हैं। वे वर्षों की बचत, अपने अनुभव और संस्कारों की पूँजी उसमें समर्पित कर देते हैं। हर रस्म को श्रद्धा से निभाते हैं, ताकि उनके बच्चों का जीवन प्रेम, सम्मान और सुख से भरा रहे।

किन्तु जब विवाह के बाद वास्तविक जीवन शुरू होता है, तब वही संबंध कभी-कभी सामंजस्य की कमी से बिखरने लगते हैं।

जहाँ पहले प्रेम और विश्वास की मिठास थी, वहाँ अब विचारों का टकराव और संवाद की दूरी बढ़ती जाती है। आज के शिक्षित और आत्मनिर्भर युगल अपने-अपने विचारों, करियर और स्वतंत्रता में इतने मग्न हैं कि एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का धैर्य घटता जा रहा है।

विवाह का अर्थ केवल साथ रहना नहीं, बल्कि एक-दूसरे के अंतर को समझना है। जब पति-पत्नी में सामंजस्य होता है, तो जीवन की हर कठिनाई सहज हो जाती है। परंतु जब 'मैं' का स्वर 'हम' पर हावी हो जाता है, तो रिश्तों की मधुरता धीरे-धीरे फीकी पड़ जाती है।

सामंजस्य का अर्थ किसी एक का झुकना नहीं, बल्कि दोनों का एक-दूसरे की स्थिति को समझना और सम्मान देना है। विवाह तभी पूर्ण कहलाता है जब दोनों पक्ष एक-दूसरे के विचारों, इच्छाओं और मर्यादाओं का संतुलन साध सकें। यदि समझ का यह पुल टूट जाए, तो सबसे मजबूत रिश्ता भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाता है।

माता-पिता अपनी संतान के विवाह को संस्कारों से सजाते हैं, परंतु उस सजावट की सच्ची चमक तभी बनी रहती है जब नवदंपति अपने जीवन में संवाद, सहनशीलता और सामंजस्य को स्थान दें। क्योंकि प्रेम तभी स्थायी होता है जब उसमें संवेदना और समझ का स्पर्श हो।

सजावट, वस्त्र, समारोह- ये सब विवाह को भव्य बना सकते हैं, परंतु सामंजस्य ही उसे सुंदर बनाता है।

यह वही अमूल्य आभूषण है जो न दिखाई देता है, न मुरझाता है, पर पूरे जीवन को सुसंगत और मधुर बना देता है।

आज की चेतना के लिए-

जहाँ सामंजस्य हो, वहाँ स्नेह सदा महके,<br>
जहाँ समझ बसे, वहाँ मन कभी न बहके।<br>
सजावट से नहीं, संवेदना से सजे ये बंधन,<br>
वही विवाह अमर हो-<br>
जहाँ 'मैं' से 'हम' तक सफर चमके।



✦ रिया मूंधड़ा

# आरोग्यम्
## A NATUROPATHY CENTER
(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से



### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।







### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट) योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

# विवाह संस्कार से घटती जुड़ाव भावना - एक युवा की दृष्टि से

आज के समय में जब हम आधुनिकता की चमक में आँखें खोले हुए आगे बढ़ रहे हैं, तब हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक 'विवाह संस्कार' कहीं न कहीं अपने मूल स्वरूप से दूर होता जा रहा है। मैं एक युवा के रूप में जब अपने आस-पास देखता हूँ, तो मन कई सवालों से भर जाता है। आखिर क्यों हमारी पीढ़ी विवाह को एक जिम्मेदारी या बोझ की तरह देखने लगी है, न कि एक पवित्र जीवन यात्रा की शुरुआत के रूप में?

पहले विवाह एक ऐसा संबंध था जिसमें प्रेम के साथ-साथ त्याग, समझ, धैर्य और परस्पर सम्मान का भी महत्व था। लेकिन आज, तकनीक और तेज रफ्तार जीवनशैली के बीच, विवाह का अर्थ बदलता जा रहा है। अब विवाह को कई लोग ''जिंदगी की दौड़ से पूरी होने वाली औपचारिकता'' मानने लगे हैं।

## बढ़ती बेरुखी और देरी के कारण

विवाह में बढ़ती बेरुखी के कई कारण हैं, जो केवल बाहरी नहीं, बल्कि हमारे सोचने के ढंग से भी जुड़े हैं।

### 1. करियर की दौड़ और अनिश्चितता:

आज का युवा अपने करियर को लेकर अधिक जागरूक है, जो निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु इस दौड़ में हम स्थिरता और संबंधों के मूल्य को पीछे छोड़ देते हैं। हम सोचते हैं- ''अभी समय नहीं आया, पहले कुछ हासिल कर लूं।'' लेकिन यह 'पहले कुछ हासिल कर लूं' वाली सोच कई बार 30-35 की उम्र तक खिंच जाती है, और तब विवाह एक ''जरूरी काम'' लगने लगता है, न कि ''जीवन का सुंदर पड़ाव।''

### 2. आत्मकेंद्रित सोच :

हमारी पीढ़ी 'मैं' पर अधिक केंद्रित हो गई है। ''मुझे क्या पसंद है, मुझे क्या अच्छा लगेगा'' - इस सोच में 'हम' का स्थान छोटा होता जा रहा है।

### 3. भय और असुरक्षा :

कई युवाओं के मन में यह डर बैठ गया है कि विवाह से स्वतंत्रता कम हो जाएगी, जिम्मेदारियाँ बढ़ जाएँगी। कुछ लोग अपने आसपास टूटते रिश्तों को देखकर डर जाते हैं। उन्हें लगता है कि विवाह स्थायी नहीं रहा- जबकि सच्चाई यह है कि विवाह की स्थिरता अब भी है, बस उसे



निभाने की नीयत और समझ कम हो गई है।

### 4. समाज और परिवार से दूरी :

शहरी जीवनशैली ने संयुक्त परिवारों की जगह एकाकी जीवन दे दिया है। नतीजा यह हुआ कि ''साझा जिम्मेदारी'' की भावना धीरे-धीरे खत्म होने लगी। अब निर्णय अकेले लिए जाते हैं, और अकेलापन भी उसी के साथ बढ़ता है।

## इस प्रवृत्ति से उत्पन्न समस्याएँ

जब विवाह में देरी या बेरुखी बढ़ती है, तो इसका असर केवल व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है।

भावनात्मक अकेलापन बढ़ता है। लोग बाहर से तो खुश दिखते हैं, पर भीतर से खालीपन महसूस करते हैं।

पारिवारिक स्थिरता घटती है- विवाह की देरी से नई पीढ़ी के निर्माण में असंतुलन आता है।

सामाजिक विखंडन होता है- क्योंकि परिवार समाज की नींव हैं, और जब विवाह संस्था कमजोर होती है, तो समाज की संरचना भी कमजोर होती है।

मानसिक तनाव बढ़ता है- अकेलापन, असुरक्षा और '' किसी का न होना'' कई युवाओं को भीतर से तोड़ देता है।

## समाधान - फिर से संस्कार की ओर

समस्या का समाधान किसी कठोर नियम में नहीं, बल्कि विचार की दिशा बदलने में है।

### 1. विवाह को बोझ नहीं, अवसर समझें

यह वह अवसर है जहाँ हम सीखते हैं कि प्रेम क्या है, साझेदारी क्या होती है, और जिम्मेदारी कैसे निभाई जाती है। यह ''बंधन'' नहीं, बल्कि ''विकास का मार्ग'' है।

### 2. परिवारों और समाज को भी बदलना होगा

कई बार युवा इसलिए भी पीछे हटते हैं क्योंकि समाज विवाह को बहुत औपचारिक, दिखावे वाला बना देता है। हमें सरलता और समझ की ओर लौटना होगा- जहाँ दो परिवार मिलें, न कि दो बैंक खातों की तुलना हो।

### 3. संवाद की कमी दूर करें

माता-पिता और बच्चों के बीच विवाह को लेकर खुला संवाद होना चाहिए। जब युवा महसूस करेंगे कि उन पर दबाव नहीं, बल्कि समझ है - तब वे भी निर्णय जिम्मेदारी से लेंगे।

### 4. आत्मिक और सांस्कृतिक शिक्षण आवश्यक है।

स्कूल और समाज दोनों को ''संस्कार आधारित शिक्षा'' पर ध्यान देना चाहिए, ताकि युवा समझें कि विवाह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है।

### 5. उदाहरण बनें, आलोचना नहीं

हमें अपने आस-पास ऐसे परिवारों को दिखाना चाहिए जिन्होंने प्रेम और सहयोग से विवाह को सुंदर बनाया। आलोचना से नहीं, प्रेरणा से परिवर्तन आता है।

अन्त में, मैं एक युवा के रूप में यही मानता हूँ कि आधुनिकता और स्वतंत्रता बुरी नहीं है - पर जब ये संस्कारों से कट जाती हैं, तब ये खालीपन दे जाती हैं। विवाह केवल दो लोगों का साथ नहीं, बल्कि एक-दूसरे के जीवन को अर्थ देने का प्रयास है।

आइए, हम विवाह को फिर से 'संस्कार' के रूप में देखें, न कि 'समझौते' के रूप में। क्योंकि जब विवाह संस्कार जीवित रहेगा, तभी परिवार जीवित रहेंगे और जब परिवार जीवित रहेंगे, तभी हमारा समाज मजबूत और संवेदनशील बन पाएगा।



गौरव जाजू

।। जय महेश ।।

# श्री माहेश्वरी समाज जयपुर

के अन्तर्गत संचालित

# माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो जयपुर

## माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती परिचय पत्र

Photo

- [ ] Boy
- [ ] Girl
- [ ] Professional
- [ ] Non-Professional
- [ ] Unmarried
- [ ] Divorcee
- [ ] Widow/Widower
- [ ] Handicap

**Name:............................................ Surname......................... Maternal Surname..................**

**Birth Place:.................................. Birth Date............................ Birth Time................AM/PM**

**Mangalik(Y/N):........................ Height.............FT.........Inch Weight................Kg**

**Brother/Sister (In Numbers)................................................................ Age:...............Yrs**

**Qualification:............................................................... Kundali Match (Y/N):...................**

**Occupation Details:.................................................. Place:..........................................**

**Designation:.................................................................. Annual Income:............................**

**Father's Name:............................................... Father's Occupation:...............................**

**Permanent Address (Own/Rented): ....................................................................................**

**.............................................................................................................................................**

**Present Address (Own/Rented):..........................................................................................**

**.............................................................................................................................................**

**Tel. No.:.................................................... Mobile:..........................................................**

**E-mail.:............................................................... Facebook Name:.................................**

**Partner Preference.:..........................................................................................................**

*All details should be filled In CAPITAL LETTERS only * Please send by e-mail:- mimbjaipur@gmail.com

नि:शुल्क पंजीयन हेतु संलग्न पंजीयन फॉर्म को भरकर व्हाट्सएप नंबर 8306300307 अथवा डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजकर सूचित करें, पंजीयन फॉर्म की फोटो कॉपी भी स्वीकार्य है।
फॉर्म के साथ अपना पूर्ण बायोडाटा की कॉपी संलग्न करें।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**कमल किशोर साबू**
चेयरमैन ( मैरिज ब्यूरो )

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**श्याम सुन्दर जाजू**
विवाह प्रकोष्ठ मंत्री

श्री माहेश्वरी समाज, एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल, तृतीय मंजिल, भाभा मार्ग, तिलक नगर जयपुर - 302004

सम्पर्क सूत्र

राजेन्द्र मूंधड़ा : 8233820333 • घनश्याम भण्डारी : 9414991967
लोकेश शर्मा : 8619530451 • जितेन्द्र शर्मा : 8306300307

# विवाह रीति-रिवाज, परंपरा और माहेश्वरी समाज की विरासत

विवाह भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख संस्कार है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और दो आत्माओं का पवित्र मिलन है। हमारे सनातन धर्म में विवाह को जीवन के सोलह संस्कारों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और संस्कार की निरंतरता का प्रतीक है।

## सनातन संस्कृति में विवाह का महत्व

सनातन परंपरा में विवाह को सहधर्मचारिणी प्राप्ति का अवसर माना गया है।

पति और पत्नी एक-दूसरे के पूरक बनकर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थों की दिशा में साथ चलते हैं।

विवाह के सप्त फेरे इस संयुक्त यात्रा के सात पवित्र वचन हैं, जो जीवनभर के कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों का स्मरण कराते हैं।

## माहेश्वरी समाज की विवाह परंपराएँ -

माहेश्वरी समाज, जो भगवान महेश ( भगवान शिव ) की कृपा से अभिशिक्त है, सदा से संस्कृति, मर्यादा और संस्कारों का वाहक रहा है। समाज की विवाह परंपराएँ इसी सनातन भावना को सजीव रूप में प्रकट करती हैं।

माहेश्वरी विवाह का आरंभ मांगलिक पूजन और गणपति वंदना से होता है, जिससे हर कार्य में मंगल और शुभ की अनुभूति बनी रहे।

इसके पश्चात हल्दी, मेहंदी, मांडवा, वरमाला, फेरे और विदाई जैसे प्रत्येक संस्कार में परिवार, श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

यह विवाह केवल एक समारोह नहीं, बल्कि संस्कारों का उत्सव होता है, जहाँ पवित्र अग्नि साक्षी होती है और 'सप्तपदी' के माध्यम से वर-वधू आजीवन एक-दूसरे के धर्मसाथी बनने का व्रत लेते हैं।

## परंपरा और आधुनिकता का समन्वय -

समय के साथ जीवनशैली और आयोजन के स्वरूप भले ही बदले हों, किंतु माहेश्वरी समाज ने अपनी परंपराओं को आधुनिकता के साथ संतुलित रूप में जीवित रखा है। आज भी विवाह के अवसर पर सादगी, शालीनता, मर्यादा और आपसी स्नेह का वातावरण समाज की विशेष पहचान बना हुआ है।

हर रीति में धार्मिकता के साथ-साथ पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव का भाव निहित रहता है। यही कारण है कि माहेश्वरी समाज के विवाह आज भी संस्कार और संस्कृति के आदर्श उदाहरण माने जाते हैं।

विवाह, रीति और परंपरा- ये तीनों तत्व माहेश्वरी समाज की पहचान हैं।

सनातन संस्कृति के मूल में बसे ये संस्कार हमें स्मरण कराते हैं कि विवाह केवल एक संबंध नहीं, बल्कि एक संकल्प है- जीवनभर साथ निभाने, धर्म निभाने और समाज में आदर्श स्थापित करने का।

माहेश्वरी समाज अपनी इन पवित्र परंपराओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देता है कि-

संस्कार ही समाज की सबसे बड़ी पूँजी हैं,

और विवाह उन संस्कारों की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति।



विजय सारड़ा ( रेनवाल )
प्रचार मंत्री

# वैवाहिक आयोजन में समय का उचित संयोजन

भगवान ने हम सभी को एक समान समय दिया है, परंतु हम सब अपने-अपने तरीके से उसका उपयोग करते हैं। हर कार्य यदि अपनी समय-सीमा में किया जाए तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। यही बात विवाह जैसे पवित्र और शुभ संस्कार पर भी लागू होती है। विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो दिलों का मिलन होता है। इसलिए इसका समय संयोजन अत्यंत आवश्यक है।

भारतीय समाज में विवाह एक बहुत ही पवित्र और शुभ बंधन माना जाता है। पहले के समय में विवाह समारोह गोधूलि बेला में आरंभ होते थे। बारात समय पर पहुँचती थी, वर तोरण मारता था, और सात-आठ बजे तक दूल्हा-दुल्हन मंडप या स्टेज पर आशीर्वाद के लिए बैठ जाते थे। उस समय समारोह में एक गरिमा और अनुशासन झलकता था।

आजकल का परिदृश्य कुछ भिन्न है। अब अधिकांश शादियाँ निर्धारित समय से काफी देर से शुरू होती हैं। वर वधु का स्टेज पर बैठना, वरमाला हो इससे पूर्व ही कई मेहमान इनके माता-पिता को उपहार थमाकर केवल भोजन करके लौट जाते हैं। वर वधू को शुभकामना देना रह ही जाता है। कई बार माता-पिता भी अतिथियों से मिल नहीं पाते, क्योंकि वे स्वागत या अन्य तैयारियों में व्यस्त रहते हैं।

यह स्थिति चिंता जनक है, क्योंकि विवाह वह दिन होता है जिसके लिए परिवार वर्षों से तैयारी करता है। पिता की वर्षों की मेहनत से कमाई पूंजी, और माँ के बच्चों के बचपन से संजोए सपने इसी दिन साकार होते हैं। परिवार की कई दिनों की तैयारी, तब जाकर यह शादी का दिन आता है। ऐसे में यदि समय संयोजन के अभाव में वह दिन अव्यवस्थित हो जाए, तो सारी मेहनत और खर्च का आनंद अधूरा रह जाता है।

समस्या का मुख्य कारण है- समय का असंतुलन। आज के दौर में सजने-संवरने, पार्लर जाने, फोटोशूट और डांस करने में इतना समय लग जाता है कि शुभ मुहूर्त निकल जाता है। मेहमानों के लिए विवाह समारोह केवल 'डिनर पार्टी' बनकर रह जाता है, जबकि उसका वास्तविक भाव 'मिलन, आशीर्वाद और आत्मीयता' कहीं खो जाता है।

शादी अविस्मरणी पल होता है हर परिवार के लिए। खूब सजना-संवरना, वैवाहिक पलों की स्मृति को कैमरे में कैद करना, आनंद के पलों में थिरकना बेशक जरूरी है। साथ ही यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि इनके कारण आपकी सारी तैयारी केवल परिवार तक ही सीमित न रह जाए। विवाह को वास्तव में यादगार बनाने के लिए जरूरी है कि समय का उचित संयोजन किया जाए।

परिवार के बड़े-बुजुर्ग और युवा मिलकर एक ऐसा कार्यक्रम तय करें जिसमें न पारंपरिक रीति-रिवाज नजरअंदाज हो, न आधुनिकता की चमक फीकी पड़े। पार्लर, फोटोशूट, डांस और अन्य तैयारियों का समय पहले से निश्चित कर लेना चाहिए, जिससे शुभ मुहूर्त में सभी प्रमुख रस्में पूर्ण हो सकें। जैसे पकवान बनाने में हम कितनी भी मेहनत करें पर यदि उसमें नमक नहीं है तो वह फीका ही लगेगा। इसी प्रकार शादी विवाह की हम कितनी भी तैयारी करें पर यदि उचित समय संयोजन नहीं है तो यह भी फीके ही रहेंगे।

भारतीय संस्कृति में मुहूर्त में ही शुभ कार्य को करने की परंपरा है। जब कार्यक्रम समय पर शुरू होंगे, तो मेहमानों का आनंद, परिवार का गौरव और विवाह का महत्व-तीनों बढ़ जाएंगे। याद रखिए, शादी केवल सजावट का नहीं, संस्कार का उत्सव है। समय संयोजन सही हो, तो यह शुभ दिन वाकई अविस्मरणीय बनेगा।



- आशा मान्धनिया

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# 'उत्सव'

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

**पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर**

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण |
|---|---|
| | **ब्लॉक ए** |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम–2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित |
| | **ब्लॉक बी** |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित |

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

चैक इन टाइम – 12:00 PM
चैक आउट टाइम – 09:00 AM

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**प्रबन्ध समिति**
(सत्र 2025–28)

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

| सुधीर जाजू | सुनील बिहाणी | संजय बाहेती | श्यामसुन्दर तोतला | रमेश मून्दड़ा | बंकटलाल माहेश्वरी | द्वारका प्रसाद मूंदड़ा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेयरमैन | सचिव | वाईस चेयरमैन (वित्त) | वाईस चेयरमैन (संचालन) | सह–सचिव | भवन मंत्री | कोषाध्यक्ष |

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

एवं

EHCC ETERNAL के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

# मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन

( स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है )

**स्थान : सान्दीपनि सभागार, MPS Intl., तिलक नगर, जयपुर**

**दिनांक : 14 दिसंबर 2025, रविवार • समय : प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक**

## विशेषज्ञ डॉक्टरों की नि:शुल्क सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी

**Dr. Sailesh Lodha**
Endocrinologist
( शुगर एवं हार्मोन विशेषज्ञ )

**Dr. Jitendra Singh Makkar**
Cardiologist
( हृदय रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Neeraj Kasliwal**
ENT Specialist
( कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Suresh Gupta**
Neurologist
( मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Dr. Aditya Soral**
Orthopedic Surgeon
( हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Ravi Gupta**
Urologist
( मूत्र एवं प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ )

**Dr. K. K. Sharma**
Pulmonologist
( फेफड़े एवं श्वास रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Poonam Upadhyay**
Gynecologist
( स्त्री रोग विशेषज्ञ )

**Dr. Alok Mathur**
Internal Medicine
( जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ )

**Dr. Nisha Gour**
Nephrologist
( गुर्दा रोग विशेषज्ञ )

## विशेष स्वास्थ्य जांच सुविधाएँ (Free Tests)

**महिलाओं के लिए**

✦ मेमोग्राफी ( स्तन कैंसर जांच ) ✦ पेप स्मीयर ( सर्वाइकल कैंसर जांच )
✦ CA-125 ( महिला कैंसर जांच ) ✦ CBC ( रक्त जांच )

**पुरुषों के लिए**

PSA टेस्ट ( प्रोस्टेट रोग जांच )

Scan QR Code
for Registration
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य।

**विशेष सहयोग**

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की इकाई कैंसर जांच एवं परामर्श हेतु

ASG Eye Hospital द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच (Eye Check-up)

## माहेश्वरी बंधुओं से विशेष आग्रह :

हमारे समाज के सभी बंधु, परिवारजन एवं वरिष्ठ नागरिक इस मेगा मेडिकल कैम्प का अधिक से अधिक लाभ अवश्य लें। यह शिविर संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं रोगों की समय पर पहचान हेतु अत्यंत उपयोगी रहेगा। कृपया अपने परिवारजनों, मित्रों एवं परिचितों को भी इस शिविर की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उमेश सोनी** | **सीए. रोहित परवाल** | **डॉ. महेश कुमार भूतड़ा** | **सत्यनारायण मोदानी** |
| अध्यक्ष | महामंत्री | स्वास्थ्य मंत्री | कार्यक्रम संयोजक |




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड
वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020
सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883
Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन
द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)
चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)
तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन
पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति
(सत्र 2022-25)

**शांति लाल जागेटिया** — चेयरमैन
**गिरिराज प्रसाद मोदानी** — वाईस चेयरमैन (वित्त)
**अशोक कुमार फलोड़** — वाईस चेयरमैन (संचालन)

**महेश कुमार साबू** — सचिव
**सुरेन्द्र कुमार मान्धना** — सह सचिव
**राधामोहन तोतला** — भवन मंत्री
**कैलाश चन्द्र परवाल** — कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा



# गीता जयंती महत्व

## मंगलमय जीवन का ग्रंथ है भगवद्गीता।

विश्व का एकमात्र सर्वमान्य पवित्र हिंदू ग्रंथ भगवद्गीता है, जिसकी जयंती मनाई जाती है। मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली एकादशी को मोक्षदा एकादशी अथवा गीता जयंती कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन भगवत् गीता का जन्म हुआ है। गीता जयंती भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को जीवन का दिव्य उपदेश देने का पावन दिवस है।

महाभारत में कौरवों एवं पांडवों के युद्ध के दौरान युद्धभूमि कुरुक्षेत्र में अर्जुन के आत्मसंदेह एवं कर्तव्य- विचलन की स्थिति में जब भगवान श्री कृष्ण से संवाद किया, तब उन्होंने भगवद्गीता का संदेश सुनाया और कर्तव्य के पथ पर अडिग रहने का ज्ञान दिया, अत: यह केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि धर्म, कर्म, ज्ञान और भक्ति का संगम है।

गीता हमें सिखाती है कि जीवन में कर्तव्य सर्वोपरि है। परिणाम की चिंता किए बिना निष्काम कर्म करना ही सच्चा योग है।

गीता मनुष्य के भीतर के संशय, मोह और भ्रम को दूर कर आत्मबल प्रदान करती है। यह सिखाती है कि आत्मा अजर व अमर है और सत्य, प्रेम एवं धर्म ही जीवन के वास्तविक आधार हैं। गीता जयंती पर हमें अपने जीवन में सद्गुणों और सत्य मार्ग को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

गीता जयंती का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देती है। यह हमें धर्म के साथ कर्म करने की प्रेरणा देती है। संकट और संघर्ष के समय गीता का ज्ञान मन को स्थिर करता है। यह लोभ, क्रोध और अहंकार से दूर रहने की शिक्षा देती है। गीता मानव जीवन को आदर्श रूप में जीने का मार्गदर्शन प्रदान करती है।

गीता जयंती पर भगवत् गीता और अन्य धार्मिक पुस्तकों का दान, यज्ञ एवं व्रत करने का बहुत महत्व है। इसके पठन-पाठन, श्रवण, मनन-चिंतन से जीवन में श्रेष्ठ भाव आते हैं।

विशेषकर, कुरुक्षेत्र में इस दिवस पर 15 से 20 दिन का भव्य मेला लगता है, जिसे भक्तों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

## नि:शुल्क डायबिटीज जाँच शिविर का आयोजन



श्री माहेश्वरी डायलेसिस डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर, निर्माण नगर, जयपुर द्वारा सराहनीय पहल

श्री माहेश्वरी डायलेसिस डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर, निर्माण नगर, जयपुर के सौजन्य से माहेश्वरी समाज भवन, बसंत बहार कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर में दिनांक 02 नवम्बर 2025 को नि:शुल्क डायबिटीज जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई। कुल 56 मरीजों की जाँच की गई तथा उपस्थित चिकित्सकों द्वारा मौके पर ही आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

इस सेवा कार्य में चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों ने समाजहित में उल्लेखनीय योगदान दिया। सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

डॉ. महेश माहेश्वरी, स्वास्थ्य मंत्री

## समाज कार्यालय में दीपावली पूजन संपन्न



श्री माहेश्वरी समाज कार्यालय, जयपुर में दिनांक 18 अक्टूबर, 2025 को एम.पी.एस. इन्टरनेशनल स्कूल स्थित समाज परिसर में परंपरागत एवं मंगलमय वातावरण में श्री गणेश-लक्ष्मी जी का दीपावली पूजन विधिवत् सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए. श्री रोहित परवाल, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, श्रीमती कंचन सोनी, श्रीमती सोनिया परवाल सहित समाज के गणमान्य लोग एवं कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। पूजन के दौरान समाजजन ने एकजुट होकर समृद्धि, सुख-शांति एवं समाज की उन्नति के लिए मंगलकामनाएँ कीं। दीपों की ज्योति और भजन-आरती से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से आलोकित रहा।




Manish Jajoo
निवर्तमान अध्यक्ष : पूर्वोत्तर राजस्थान युवा संगठन
कार्यकारणी सदस्य : माहेश्वरी समाज जयपुर
9414058504

CERATEC
Build with experience

GOVINDAM
Tiles & Sanitary

QUTONE
STONEWARE



Dinesh Jajoo
9887487818

Mfr Tile Adashive, Wallputty,Grout, Admix, Waterproofing Eppoxy

A House of Ceramic Tiles, Sanitary & Bath Fitting

Shop No. 61, Santosh Nagar, Opp. Metro Piller No. 40, Gopalpura Bypass, Jaipur-20

## नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 01.11.2025 | मोहित | श्री महावीर प्रसाद माहेश्वरी | अमीषा | श्री भैंरू लाल डाड |
| 01.11.2025 | सचिन | श्री राजकुमार माहेश्वरी | अंकिता | श्री गणेश मल लाहोटी |
| 02.11.2025 | अमृत | श्री राधाबल्लभ काबरा | सौम्या | श्री विजयन्त कुमार जी |
| 02.11.2025 | अनुज | श्री ओमशंकर जाखोटिया | साक्षी | श्रीमती मीनू जी |
| 02.11.2025 | हर्ष | श्री शिव नारायण न्याती | निहारिका | श्री प्रशांत जी |
| 02.11.2025 | गोपाल | श्री गजानन्द तापड़िया | अंजलि | श्री कैलाश चन्द सोनी |
| 03.11.2025 | आयुष | श्री पवन माहेश्वरी | स्वेच्छा | श्रीमती पिंकी जी |
| 05.11.2025 | शिवम | श्री रामकिशोर भूतड़ा | मोनिका | श्री राजाराम राठी |
| 08.11.2025 | स्पर्श | श्री अरविन्द माहेश्वरी | आयुषी | श्री मुकेश कुमार आगीवाल |
| 08.11.2025 | अभिलव | श्री आनन्द स्वरूप जी | नीलम | श्री सुरेश कुमार सारड़ा |
| 11.11.2025 | संदीप | श्रीमती बिमला देवी झंवर | रंजना | श्री महेन्द्र प्रकाश जी |
| 13.11.2025 | शशांक शेखर | श्री अरुण कुमार जी | हिमांगी | श्री कमल किशोर चांडक |
| 13.11.2025 | अभिषेक | श्री संजय नोवाल | रितु | श्री रघुनन्दन भाला |

### समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आभार

| सहयोगकर्त्ता | राशि |
|---|---|
| श्री शिव नारायण न्याती | 5,100 |
| श्री ओम शंकर जाखोटिया | 3,100 |
| श्री रामकिशोर भूतड़ा | 3,100 |
| श्री राधाबल्लभ काबरा | 2,100 |
| श्रीमती बिमला देवी झंवर | 2,100 |
| श्री रघुनन्दन भाला | 2,100 |
| श्री कमल किशोर चाण्डक | 2,100 |
| श्री अरविन्द माहेश्वरी | 1,100 |
| श्री मुकेश कुमार आगीवाल | 1,100 |
| श्री राजाराम राठी | 1,100 |
| श्री सुरेश कुमार सारड़ा | 1,100 |
| श्री पवन माहेश्वरी | 1,100 |

## समाज में बढ़ती भव्यता और घटते रीति रिवाज

आज हम भले ही समाज में उच्च शिक्षित होकर धन कमा प्रतिस्पर्धा कर रहे हों लेकिन यह प्रतिस्पर्धात्मक सोच समाज को भव्यता तो दिखा रहा है परंतु इस दिखावे की मानसिकता ने हमारे पूर्वजों के पुरुषार्थ व दिव्यता से बनाये रीतिरिवाज खोते जा रहे हैं।

अब बड़ा व गंभीर सवाल है।

हमें व शीर्ष नेतृत्व को पुन: सोचना चिंतन के साथ समझना होगा कि इस भव्यता के लिए देखा-देखी फिजूलखर्ची प्रतियोगिता को भविष्य में कैसे मितव्ययी नियंत्रित समाधान करें और अपनी संस्कृति रीति-रिवाज की दिव्यता व पहचान को कैसे बनाए रखें, बढ़ाए, सुदृढ़ करें ?

आज समाज में दिखावे की भव्यता, घटते रीति-रिवाज आपसी भाईचारा संबंधों रिश्तों को तो कमजोर कर रहे इतना ही नहीं आर्थिक स्थिति बिगाड़ने के साथ-साथ हीन भावना भी भर रहे हैं।

इससे हमारे समाज में सद्भाव पारिवारिक पारिस्थितिकी का संतुलन बिगड़ रहा है। आज इस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है व समाज में जागरूकता लाने के लिये समाज में लगातार सेमिनार आयोजित कर संवाद गोष्ठी इत्यादि करने चाहिए।

इस पर चिंतन करने की महती आवश्यकता है ताकि समाज में रीति-रिवाजों की अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया जा सके। जिससे आने वाली पीढ़ियों को हमारे रीति-रिवाजों को समझने व जीने का अवसर मिले। आधुनिकता के साथ-साथ समृद्ध समाज की पहचान रीति-रिवाज से ही है ना कि दिखावे की भव्यता से।



✦ कुमार जयन्त बाहेती

''हल्दी की रस्म का महत्व दूल्हा दुल्हन के लिए शुभता, शुद्धिकरण और एक नई शुरुआत का प्रतीक होता था, इसके अलावा हल्दी का लेप सुख-समृद्धि और लंबे वैवाहिक जीवन की कामना का भी प्रतीक माना जाता था, लेकिन आज की पाश्चात्य संस्कृति में बहकर इस तरह के रीति रिवाज का वजूद खत्म होता जा रहा है।''

सीता देवी लढ्ढा, मुरलीपुरा निवासी 78 वर्षीय

## MNM STARTUP CONCLAVE CHAPTER 1 सम्पन्न



श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर द्वारा उपाध्यक्ष श्री अक्षय झंवर और IT सचिव श्री गौरव जाजू के नेतृत्व में आयोजित 'MNM STARTUP CONCLAVE – CHAPTER 1' बड़ी सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भीड़ जुटाना नहीं, बल्कि उन युवाओं तक पहुँचना था, जो सच में सीखना और कुछ नया करना चाहते हैं। यहां संख्या नहीं, संकल्प की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के संयोजक अर्पित होलानी और समन्वयक पुरु मोदानी ने अपने उत्कृष्ट समन्वय और प्रोफेशनल अंदाज से कार्यक्रम को सफल बनाया।

मुख्य वक्ता श्री हितेश पोरवाल (Founder–Bizz Start) ने युवाओं को स्टार्टअप जगत की असली चुनौतियों और अवसरों से परिचित कराया। वहीं जयपुर के गौरव श्री रोहित बजाज (Founder– बलवान कृषि ) ने अपनी 'Zero से Hero' तक की प्रेरक यात्रा साझा की, जिसने सभी उपस्थित युवाओं को उत्साह और आत्मविश्वास से भर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति का विशेष सहयोग रहा। साथ ही समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने ऐसे आयोजनों को भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

MNM Startup Conclave का यह पहला अध्याय सिर्फ एक शुरुआत थी- आने वाले अध्यायों में नए मेंटर्स, इन्वेस्टर्स और सक्सेस स्टोरीज के साथ युवाओं को और भी प्रेरक अनुभव मिलने वाले हैं।

कार्यक्रम की सफलता पर अध्यक्ष सीए अखिल भाला और सचिव सीए प्रवीण परवाल ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

एक नई सोच, एक नई उड़ान- MNM Startup Conclave की यह कहानी अब और भी प्रेरक होने वाली है!

# दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न



श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से रविवार, 26 अक्टूबर, 2025 को दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव भक्ति संध्या के साथ माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर प्रांगण में परम्परागत हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रकाशचन्द अजमेरा, विशिष्ट अतिथि श्री हेमन्त फलोड़, स्वागताध्यक्ष श्री शुभम जाजू तथा विशेष अतिथि डॉ. निधि माहेश्वरी (DRDO) थे । समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने जानकारी दी है कि अन्नकूट महोत्सव के लिए श्री अतुल लोहिया को संयोजक, श्री दामोदर तोतला को कोषाध्यक्ष, श्री शैलेष फलोड को सहयोगकर्ता संयोजक एवं श्री रवि चांडक को टिकट संयोजक नियुक्त किया गया था। महामंत्री सीए श्री रोहित परवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्रीगिरिराज धरण पर्वत के साथ परिक्रमा कुण्डों की एवं छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई गई तथा महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायिका वीणा मोदानी व उनकी टीम ने भक्ति संगीत संध्या में भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां दीं। झांकी का आयोजन श्री रमेश मनिहार एवं श्री अशोक बागला के सहयोग से और भक्ति संध्या श्री नटवरगोपाल मालपानी के सहयोग से किया गया। छप्पन भोग में श्री राजकुमार सोढानी-श्री संचित सोढ़ानी ( एसएस सोढ़ानी स्वीट्स प्रा. लि., मालवीय नगर ), पान प्रसादी श्रीमती संगीता लढ्ढा एवं कांजीबड़ा में श्री राजेश काबरा का विशेष सहयोग तथा झांकी हेतु मार्बल श्री रामनिवास लखोटिया द्वारा उपलब्ध करवाया गया। अन्नकूट प्रसादी में लगभग 5000 से अधिक समाजबंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर वृद्धजनों के लिए पृथक ब्लॉक तथा अन्य सभी के लिये टेबल-कुर्सी पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करने की व्यवस्था की गई।



**समाज सेवा में समर्पित विभूतियों का सम्मान**
वर्षों से अनवरत निस्वार्थ समाज सेवा हेतु पहली बार 'सेवा श्री सम्मान' से श्री नंदकिशोर चितलांगिया, श्री अंबिका भंडारी एवं श्री रामदास कोठ्यारी को सम्मानित किया गया।

**वीणा मोदानी**
सुप्रसिद्ध भजन गायिका


mps panorama



पत्रिका

गोवर्धन पर्वत के साथ परिक्रमा कुंडों की सजाई झांकी, महाआरती

जयपुर @ पत्रिका. माहेश्वरी समाज, जयपुर की ओर से तिलक नगर स्थित माहेश्वरी विद्यालय में स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। संगीत संध्या के दौरान भक्ति की बयार बही।

समाज अध्यक्ष उमेश सोनी व महामंत्री सीए रोहित परवाल ने बताया कि गिरिराज धरण (गोवर्धन) पर्वत के ...

गायिका वीणा ... टीम ने भजनों ... समारोह ... चन्द अजमे... निधि माहेश्... फलोड़ ... जाजू थे। अतुल लो... तोतला को कोषा...

दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

समाचार जगत न्यूज

माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर ... दीपावली स्नेह मिलन समारोह ... महोत्सव भक्ति संध्या के साथ ... य, तिलक नगर प्रांगण में ... ास एवं धार्मिक श्रद्धा के ... समारोह के मुख्य अतिथि ... विशिष्ट अतिथि हेमन्त ... शुभम जाजू तथा विशेष ... री थे। समाज अध्यक्ष

... भोग की भव्य ... का आयोजन ... गायिका वीणा ... संगीत संध्या ... । झांकी का ... क बागला ... टवरगोपाल ... छप्पन भोग

... मे मालवीय नगर स्थित एसएस सोढानी स्वीट ... पान प्रसादी संयोजक लड्डा तथा कानजी बड़ा ... राजेश काबरा का विशेष सहयोग रहा। अन्नकूट प्रसादी में 5000 से अधिक समाजबंधुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर वृद्धजनों के लिए पृथक ब्लॉक तथा अन्य सभी के लिए टेबल-कुर्सी पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करने की व्यवस्था की गई।



दैनिक भास्कर

जयपुर 28-10-2025

माहेश्वरी समाज; श्रीगिरिराज पर्वत की परिक्रमा एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई

भास्कर न्यूज | जयपुर

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से रविवार को माहेश्वरी विद्यालय तिलक नगर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रकाश चंद अजमेरा, विशिष्ट अतिथि हेमंत फलोड़, स्वागताध्यक्ष शुभम जाजू तथा विशेष अतिथि डॉ. निधि माहेश्वरी थे। समाज अध्यक्ष उमेश सोनी व महामंत्री सीए रोहित परवाल ने बताया कि श्रीगिरिराज धरण पर्वत के साथ परिक्रमा कुंडों एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। महाआरती ... कार्यक्रम में गायिका वीणा मोदानी ...

## श्री माहेश्वरी समाज का दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव संपन्न

महानगर संवाददाता

जयपुर। श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से रविवार को माहेश्वरी विद्यालय तिलक नगर प्रांगण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। समाज अध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के लिए अतुल लोहिया को संयोजक, दामोदर तोतला को कोषाध्यक्ष, शैलेष फलोड एवं रवि चांडक को सहयोगकर्ता संयोजक एवं टिकट संयोजक नियुक्त किया गया। महामंत्री सीए ...

एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई और महाआरती की गई। समारोह में गायिका वीणा मोदानी एवं टीम द्वारा भक्ति संगीत संध्या में भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश चंद अजमेरा, विशिष्ट ...

माहेश्वरी समाज ... में जुटे 5000 से ...

जयपुर, 26 अक्टूबर (ब्यूरो)। श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से ... स्नेह मिलन ... महोत्सव भक्ति ... नगर प्रांगण में ... एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ ...



## लुप्त होते शादी के रीति-रिवाज

कहाँ गए वो रीति रिवाज कहां गये वो संस्कार
शादियों में बीत जाते मुहूर्त, छूटते जा रहे नेगचार।

पहले पंद्रह-बीस दिन गूंजते थे गीत घर द्वार
अब संगीत संध्या में सिमटता गीतों का नेगचार।

पहले के जमाने में बाराती रहते थे दिन चार
अब मेहमान व रिश्तेदार भी लगते मन को भार।

वो बारातियों का स्वागत आदर सत्कार
सबको खिलाते थे करके प्यार भरी मनुहार।

वो मीठी नोक-झोंक और आपस में खूब तकरार
हँसी मजाक प्रेम की फुहारें मस्ती रहती भरमार।

रीति-रिवाज को दे दिया अब रूढ़िवादिता का नाम
बड़े-बुजुर्गों की सलाह लेने का नहीं रहा कोई काम।

पहले शुभ मुहूर्त से होते थे सारे वैवाहिक काम
अब तो समय हुआ पार्लर और नाचने के नाम।

पुरानी परंपराएं आज ताश के पत्तों सी ढह रहीं
दिखावा व आधुनिकता के सैलाब में बह रहीं।

पहले बनोरी निकालने की होती थी सुन्दर परंपरा
अब पूल पार्टी, बैचलर पार्टी, डांस कल्चर हो रहा।

थीम अनुरूप परिधानों की जिनकी नहीं है सियत
अनुपस्थिति रहते शादी में बहाना खराब है तबियत।

ऐसा दिखावा करने से रिश्तों में बढ़ रही है दूरी
मैं पूछती हूँ क्या इतना दिखावा करना है जरूरी!

संस्कृति संस्कार सभ्यता पूर्णत: धूमिल हो रही
सात जन्मों के इस रिश्ते की धज्जियां उड़ रहीं।

लाखों रुपये लग रहे जो है मेहनत की कमाई
क्या हो पाएगी दिखावे की कभी भरपाई!

मध्यमवर्गीय बंधुओं पर पड़ रही इससे भरपूर मार
मिलकर करना होगा खर्चीली शादियों का बहिष्कार।

प्रदर्शन करने से
शानो-शौकत नहीं बढ़ पाएगी
शिक्षा ही भावी पीढ़ी को
अब सही राह दिखाएगी।



■ कलावती कर्वा 'षोडशकला'

### नर सेवा, नारायण सेवा :

## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प



समाजसेवी श्री रामकिशन तापड़िया के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 30.10.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती इन्दु तापड़िया सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समाजसेवी श्री रामअवतार सोढ़ानी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 6.11.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।इस अवसर पर समाज उपाध्यक्ष श्री कमल साबू, भवन मंत्री माहेश्वरी पी.जी. कॉलेज श्री सतीश सारड़ा, श्रीमती शारदा सोढ़ानी, श्री राजेश सोढ़ानी, श्रीमती सीमा सोढ़ानी सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजसेवी श्री रमेश जी मनिहार के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 13 नवंबर, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।इस अवसर पर समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अन्न सेवा का पुण्य अवसर

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 'नर सेवा, नारायण सेवा' प्रकल्प के अन्तर्गत जे.के. लॉन अस्पताल के बाहर साप्ताहिक अन्न सेवा आयोजित की जाती है, जिसके अन्तर्गत लगभग 400-500 जरूरतमंद भाई-बहनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। यह सेवा समाज द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुचारू रूप से संचालित की जा रही है, जिससे समाज बंधु परोपराक के भागीदार बन पुण्य लाभ कमा रहे हैं।



सेवा भावना से प्रेरित बंधुजनों से अनुरोध है कि आप भी 'अन्न सेवा' करवाकर इस पवित्र कार्य का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

**दिवस : प्रत्येक गुरुवार**

**स्थान : जे.के. लॉन अस्पताल, जे.एल.एन. मार्ग**

**सहयोग राशि : 8,100/-**

**सम्पर्क सूत्र :**

श्री विकास मोहता- संयोजक, अन्न सेवा मोबाईल नं. : 99280 82094

समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल, तिलक नगर, भाभा मार्ग, जयपुर फोन न. 0141-2623500

( भोजन प्रसादी : चपाती, दो सब्जी, अचार, मिठाई-आगरे का पेठा। )

## जयपुर माहेश्वरी पत्रिका नहीं मिलने पर संपर्क करें



समाज बंधुओं से विनम्र आग्रह है कि जयपुर माहेश्वरी पत्रिका को समाज कार्यालय से प्रत्येक माह की 21 तारीख को भारतीय डाक की साधारण डाक सेवा से प्रेषित किया जाता है, यदि किसी कारणवश पत्रिका आपको प्राप्त नहीं होती है, तो सर्वप्रथम संबंधित डाकघर में संपर्क करें। उचित समाधान न होने पर समाज **संगठन मंत्री श्री देवेन्द्र झंवर (9829054556)** को सूचित करें।

# ‘सशक्त नारी–सशक्त समाज’ (महिला स्वावलम्बन की ओर)






























## विश्व मधुमेह दिवस पर टॉक शो का आयोजन





श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता का भव्य आयोजन 14 नवंबर, 2025 को एमपीएस जवाहर नगर स्थित तक्षशिला सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर के सुप्रसिद्ध एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. शैलेष लोढ़ा द्वारा डायबिटीज के कारण, रोकथाम एवं आधुनिक निदान पद्धतियों पर विस्तृत और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों, मधुमेह के दुष्परिणाम, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा समय पर जांच की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया।

प्रचार मंत्री श्री विजय सारड़ा ने बताया कि समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए रोहित परवाल, उपाध्यक्ष अर्थ श्री पूनम चन्द भाला, एमपीएस जवाहर नगर के सचिव श्री संजय बांगड, भवन मंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. महेश भूतड़ा तथा स्वास्थ्य जागरूकता समिति के सक्रिय सदस्य श्री सत्यनारायण मोदानी, श्री राज.के. सोनी, श्रीमती ज्योति सोढ़ानी, श्री मोहन तोषनीवाल सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं गणमान्य सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ समाज बंधुओं ने सम्मिलित होकर मधुमेह के बारे में जाना और प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा भी शांत की।








## ऐसी वधु चाहिए

जो सुंदर हो, सुशील हो, दहेज खूब सारा लाए।
लाखों कमाए, घर की सारी जिम्मेदारी निभाए।।
स्मार्ट हो तथा सुन्दर हो नाक नक्श एवं नयन।
दिखे अप्सरा जैसी एवं चाहिए इकहरा बदन।।
परफेक्ट हो जिसकी एजुकेशन व हाइट।
जॉब मैट्रो सिटी में व फ्यूचर हो ब्राइट।।
साख गौत्र गुण एवं कुण्डली मिलान अनिवार्य।
सभी पैमाने पर खरी उतरे, तभी हमें स्वीकार्य।।
उक्त सभी मिल जाए तो नही करेंगे हम इनकार।
फिर चाहे जैसा हो परिवार, नहीं देखने संस्कार।।

## ऐसा वर चाहिए

जिसका छोटा परिवार हो, मोटा कारोबार हो।
बंगला, गाड़ी-कार हो, सम्पत्ति अपार हो।।
जिसकी उच्च शिक्षा हो, दहेज की न अपेक्षा हो।
जो व्यवहार कुशल व काम काज में निपुण हो।।
अपेक्षित कद-काठी समावेशित सर्व गुण हों।
आपको करना होगा जवाब के लिए थोड़ी प्रतीक्षा।।
क्योंकि लड़के ने भी पायी है उच्च शिक्षा दीक्षा।।
परिजनों के भी हैं कुछ अरमान, अत: ना हों परेशान।
अधिक ना सकुचाइए, शीघ्र कदम बढ़ाइये श्रीमान।।
माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो आइये।
अल्प व्यय में समकक्ष व उचित रिश्ता पाइये।।



■ घनश्याम भण्डारी

## ''शीत ऋतु-आरोग्य एवं आहार विशेषांक'' के लिए आलेख एवं काव्य रचना आमंत्रित

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका का आगामी दिसंबर, 2025 अंक ''शीत ऋतु-आरोग्य एवं आहार विशेषांक'' निर्धारित किया गया है। इस विषय पर समाजजनों से आलेख एवं काव्य रचना आमंत्रित हैं। शीत ऋतु में स्वास्थ्य एवं खानपान से संबंधित अपने मौलिक आलेख एवं काव्य रचनाएं जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के मेल आईडी jmpatrika@gmail.com अथवा मो. नं. 8233681813 पर व्हाट्सएप करने का श्रम करें। प्राप्त उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। रचनाएँ प्रकाशन पर अंतिम निर्णय संपादक मंडल का रहेगा।

-संपादक


SHREE MAHESH
Fruits and Vegetables
Fresh from the farm, straight to your plate
Fresh and healthy
Wholesale and Retail
Home Delivery
Resonable prices
Desi and Foreign varities available
Brij Mohan Bhandari (Maheshwari)
+919928955080
shrimahesh30@gmail.com


MITSUBISHI ELECTRIC
Changes for the Better
eco Changes
for a greener tomorrow
Raj Engineers
Vikas Kumar Maheshwari
Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.
Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC
502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com


S.E.W.A.
( Society for Empowerment of Women Annapurna)
भोजन
थाली
80/-
माहेश्वरी महिलाओं द्वारा तैयार
Maa Annpurna Food Venture
भोजन मेरी रसोई से :-
Sushma Rathi
Plot no.117, Sindhu Nagar,Vijaybari,
Path no-7, Murlipura, Jaipur
M:9462657862
4 बटर रोटी
राईस
दाल / कढ़ी
सब्जी
सलाद
आचार


Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.
ANAND AJMERA
9828111112
9828019221
Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.
Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL
SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives
Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)
Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off
E-mail : zeesab1@hotmail.com


Nahe Maheshwari
Ganesh Maheshwari
Mob. : 7982328389
9828750430
Neha's Kitchen
WE ALWAYS PROVIDE FRESH FOOD
1272, Kisan Marg, Tonk Phatak, Jaipur


Shree Krishna Group
जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स
Reg. No.-SCA/2016/14/993369
डुप्लेक्स/विला/फ्लेट
खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
शॉर्ट टाईम व लोंग टाईम इन्वेस्टमेंट
बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु
भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206
H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड़ नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड़, जयपुर
B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100
skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com


Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091
WE CREATE MEMORIES
Satkaar Event & Decorators
Satkaar Caterers
Your Trust & Safety is Our Responsibility
Rahul Jajoo
+91-9828112085
Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's
Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur
Place Your Order (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery
Web. : www.satkaarevents.com


EXIDE
Authorised Distributor
HARI OM BATTERY
HIND MOTORS
(SINCE 1965)
卐 DEALS IN ॐ
HEMANT MACHHAR 99287-89449
HARI KISHAN MACHHAR 94140-73249
OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004
EXIDE DEALERS
EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर ✆ 2624400, 2620541



आई.आई.एस. ( डीम्ड विश्वविद्यालय ) के गणित और सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरव माहेश्वरी और कार्तिकेय शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए कक्षा 8वीं से 10वीं के विद्यार्थियों ने श्रीमती रुचि कुलश्रेष्ठ के नेतृत्त्व में सीखे गुर।





दीपावली के शुभ अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं के लिए अंत:सदन 'दीया डेकोरेशन' प्रतियोगिता का किया आयोजन।

विद्यालय में कक्षा 11वीं व 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए 'विज्ञान प्रश्नोत्तरी' कार्यक्रम का हुआ आयोजन।



'रंगोली मेकिंग' प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर अपनी कल्पना को किया साकार।





योग गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों ने सीखे उत्तम स्वास्थ्य के गुर।



विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने समस्त स्टाफ को दीपावली की शुभकानाएँ प्रेषित कीं।



दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यालय में श्रद्धाभाव से की श्रीगणेश, लक्ष्मी जी पूजा।



दीपावली स्नेह मिलन समारोह में भवनमंत्री श्री अजय नोवाल, प्रबंध समिति सदस्य श्री प्रकाश मालानी एवं श्रीमती स्नेहलता भाला ने दी दीपोत्सव की शुभकामनाएँ।



दीपावली महोत्सव पर रामचरित मानस की चौपाइयों और भजनों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति से प्राथमिक कक्षा की बालिकाओं ने प्रभु को रिझाया।



ईको क्लब ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता के प्रति किया जागरूक।



## mps Sanskriti® Pre Primary School

महात्मा गांधी का वेश धारण कर नन्हें बच्चों ने दी गांधी जी को श्रद्धांजलि और पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक।





बच्चों ने सांस्कृतिक विरासत को किया साकार, रंग-बिरंगी वेशभूषा में माता रानी की पूजा कर खेला डांडिया।







अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में लेवल 2 के बच्चों ने ट्रांसपोर्ट थीम पर कविताएँ प्रस्तुत कर अपने रचनात्मक कौशल का दिया परिचय।



मोटर कौशल विकास गतिविधि के अंतर्गत दीया पेंटिंग के माध्यम से एकाग्रता, धैर्य और आत्मविश्वास का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन।





गोवर्धन पर्वत की जीवंत झाँकी की आध्यात्मिक यात्रा पर निकले बच्चे, ईश्वर के प्रति समर्पण का किया प्रदर्शन।



## विद्यालय को मिला राज्य में द्वितीय स्थान का खिताब



विद्यालय को 'एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग, सत्र 2025-26 में सहशिक्षा डे स्कूल कैटेगरी में संपूर्ण राजस्थान प्रांत में द्वितीय स्थान ( रैंक 2 ) पर श्रेष्ठ विद्यालय के रूप में घोषित किया। यह गर्व का विषय है कि एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा दिनांक 15.10.25 को ऑल इंडिया स्कूल रैंकिंग में पूरे राजस्थान में एमपीएस, जवाहरनगर विद्यालय को सहशिक्षा विद्यालयों में लगातार चौथी बार रैंक-2 ( द्वितीय स्थान ) पर घोषित किया है। इस अवसर पर एज्यूकेशन वर्ल्ड द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में यह प्रमाण-पत्र प्रशस्ति के रूप में दिया गया जिसे विद्यालय के मानद सचिव सीए. संजय बांगड़ और प्रधानाचार्या रीता भार्गव ने प्राप्त किया। जो सिद्धांत और नीतियाँ विद्यालय के विकास के लिए अपनाई जाती हैं, उनसे यह निश्चित है कि यह विजय-रथ निरंतर आगे की ओर बढ़ता रहेगा।

## विद्यार्थियों द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का भव्य आयोजन



तक्षशिला सभागार में दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को दिवाली उत्सव का भव्य आयोजन उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक समरसता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने नन्हे छात्रों से लेकर वरिष्ठ विद्यार्थियों तक की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, साथ ही भारत की सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती डॉ. नूपुर मोदानी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी व श्रीमती दीपिका परवाल, सुप्रसिद्ध समाजसेवी और विद्यालय के मानद सचिव सीए संजय जी बांगड़, कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्य व प्राचार्या श्रीमती रीता भार्गव मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति पूजन से हुई, जिसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव ने विशिष्ट अतिथियों का पुष्पहार व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। छात्र द्वारा प्रस्तुत स्वागत भाषण के पश्चात प्री-प्राइमरी कक्षा के बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। सम्मानित दोनों ही अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। प्राइमरी वर्ग के छात्रों ने दो आकर्षक नृत्य, प्री-प्राइमरी छात्रों द्वारा भावपूर्ण रामलीला का मंचन व माँ दुर्गा की आरती प्रस्तुत की गई, वहीं एक प्री-प्राइमरी छात्र द्वारा भावनात्मक भाषण ने सभी को प्रभावित किया। गरबा की प्रस्तुतियाँ प्री-प्राइमरी एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्रों द्वारा दी गईं और अंत में वरिष्ठ छात्रों ने गोवर्धन पूजा से संबंधित भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को अध्यात्म से ओतप्रोत कर दिया।



## स्टाफ द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

विद्यालय के तक्षशिला सभागार में दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को स्टाफ सदस्यों द्वारा दीपावली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ई सी एम एस के कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, विद्यालय के मानद सचिव सी ए संजय जी बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, एमपीएस अजमेर रोड ( बगरू ) के मानद सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्य और प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध समिति के गणमान्य अतिथियों के स्वागत एवं सत्कार से हुई जिसके बाद दीपावली के शुभ अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों द्वारा दीपावली की शुभकामनाएँ दी गईं व अपने विचार साझा किए गए। मुख्य आकर्षण व आस्था का केंद्र ललित कला विभाग द्वारा निर्मित राम-दरबार रहा।

कार्यक्रम का धार्मिक आरंभ 'राम स्तुति' से हुआ। भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुति, 'रामायण चौपाई' का मधुर पाठ तथा 'कीर्तन' ने पूरे वातावरण को भक्ति एवं उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के समापन चरण में विद्यालय के मानद सचिव ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि 'दीपावली केवल दीपों का नहीं, बल्कि आत्म-प्रकाश और टीम भावना का भी पर्व है।' प्रबंध समिति द्वारा सभी कर्मचारियों को दीपावली उपहार वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन



दिनांक 31 अक्टूबर को तक्षशिला सभागार में ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन के तत्वावधान में 'व्यक्तित्व विकास व मानव मूल्य' विषय पर आधारित एक प्रेरणादायी कार्यशाला ( मोटिवेशनल वर्कशॉप ) का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा का संचार करना था। इस प्रेरणादायी सत्र के मुख्य वक्ता व अतिथि, ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन के संस्थापक, सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी तथा प्रख्यात प्रेरक वक्ता डॉ ( प्रो. ) रमेश अरोड़ा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती इंदु माहेश्वरी धर्मपत्नी श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी तथा श्री संदीप न्याती एवं श्री सुरेश कालानी, सुप्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी थे। इनके साथ ही माहेश्वरी शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, विद्यालय के मानद सचिव सी ए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम में समाज उपाध्यक्ष ( अर्थ ) श्री पूनमचंद भाला, विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सभी सदस्य व शिक्षकगण उपस्थित थे। दोनों ही मुख्य वक्ताओं के प्रेरक शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में मानद सचिव द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और सभी विद्यार्थियों को डॉ. रमेश अरोड़ा द्वारा लिखी प्रेरणादायी पुस्तक 'विजयी व्यक्तित्व' वितरित की गई।

# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆2314646, 2313072



## स्कूल की छात्राओं ने उठाया पिकनिक का आनंद

शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। पिकनिक ऐसा माध्यम है जिससे विद्यार्थी स्वास्थ्यपूर्ण वातावरण में नई सोच विकसित करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 25 अक्टूबर को कक्षा 4 से 12वीं तक की छात्राओं को मानसरोवर स्थित पिंकसिटी वाटर पार्क ले जाया गया। छात्राओं में पिकनिक का उत्साह व जोश देखते ही बनता था। छात्राओं ने बसों में मौज-मस्ती करते हुए निर्धारित स्थान पर पहुँच अनेक मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ जैसे जिप लाइनिंग, ऊँटगाड़ी, घुड़सवारी, रेन डांस, तरणताल स्नान आदि का आनंद लिया। इस ट्रिप को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने फोटो शूट करके यादों को कैद किया। अंत में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाते हुए विद्यालय के लिए प्रस्थान किया।

## अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं में छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन

- गीता बजाज बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलक नगर में 7 व 8 अक्टूबर को आयोजित विभिन्न अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। लोकगीत प्रतियोगिता में हर्षिका राजावत ने प्रथम स्थान, अदिति सूर्यवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुकिंग विदाउट फायर में अनुषा कुरैशी ने द्वितीय स्थान, स्वधा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली मेकिंग में भव्या सैनी द्वितीय स्थान पर रही। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रियांशी टिंकर ने प्रथम स्थान, पोस्टर मेकिंग में प्रीति दत्ता ने प्रथम पुरस्कार, डांस प्रतियोगिता में रिषिका माहेश्वरी द्वितीय, मीनल वाजपेयी तृतीय रहीं। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
- 11 अक्टूबर को श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इंटर स्कूल हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्रा वैष्णवी घीया ने विषय के विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शानदार प्रदर्शन के परिणामस्वरूप तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता छात्रा को प्रमाण पत्र व 2000/- के नगद पुरस्कार से नवाज़ा गया तथा विद्यालय ने चल वैजयंती ट्रॉफी अपने नाम की।

## दीपावली उत्सव : भक्ति, उल्लास और एकता का प्रतीक



17 अक्टूबर को दीपावली के उपलक्ष्य में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस शुभावसर पर समाज उपाध्यक्ष श्री कमल किशोर जी साबू, मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू, भवन मंत्री श्री हरीकिशन जी बाहेती, प्रबंध समिति, भवन समिति के सदस्यगण एवं समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। भारतीय परंपरा अनुसार सभी का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महालक्ष्मी के चरणों में दीप प्रज्वलन से हुआ। शिक्षिकाओं ने दीपावली के सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्राओं ने गणेश वंदना, राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। तत्पश्चात् मिट्टी के दीपों को सुन्दर रूप से सजाकर पंचदिवसीय महोत्सव के प्रति अपनी खुशियाँ प्रकट कीं। समाज उपाध्यक्ष, मानद् सचिव महोदय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सभी के जीवन में सुख समृद्धि के प्रसार की मंगलकामना करते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का नहीं बल्कि आत्मबोध, सहयोग और संस्कारों के नवोदय का पर्व है। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी, उप प्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए दीपोत्सव की बधाई दी। भवन मंत्री महोदय ने प्रदूषण मुक्त आह्वान के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में 18 अक्टूबर को धनतेरस के अवसर पर विद्यालय परिवार में समृद्धि, शुभता की कामना के साथ सपत्नीक पधारे मानद् सचिव महोदय, भवन मंत्री महोदय, कार्यवाहक प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं कार्यालयी स्टॉफ ने श्रद्धापूर्वक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन करते हुए दीपोत्सव की मंगल शुरुआत की।

## mgps फिर बना सिरमौर

लगातार जीतने की परंपरा को बनाए रखते हुए mgps ने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अपनी धाक बरकरार रखते हुए एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा बाद बालिका शिक्षा के क्षेत्र में mgps को राष्ट्रीय स्तर पर 19वाँ, राज्य स्तर पर 3 व जयपुर स्तर पर दूसरा स्थान प्रदान किया गया। विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया, व कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री विवेक जी भार्गव ने एक वृहद कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्राप्त किया।



## विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई दीपावली की पूजा



विद्यालय के प्रांगण में पाँच दिवसीय दीपोत्सव के अवसर पर श्री गणेश व माँ लक्ष्मी की पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया, भवन मंत्री श्री दामोदर फलोड़, कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री विवेक जी भार्गव, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व स्टाफ ने उपस्थित होकर पूजा को विधि-विधान से सम्पन्न किया।

## ऐतिहासिक स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण



विद्यालय की कक्षा 11 व 12 की छात्राएँ तीन दिवसीय ( 24 से 26 अक्टूबर ) शैक्षणिक भ्रमण के तहत ऐतिहासिक स्थलों -चित्तौड़ व उदयपुर गईं। लगभग 160 छात्राओं ने अपने अध्यापिकाओं-अध्यापकों के संग विभिन्न स्मारकों का भ्रमण कर ज्ञान अर्जित किया।

## गीता श्लोक प्रस्तुति में जीते पदक

चिन्मय मिशन के तत्वावधान में आयोजित गीता श्लोक प्रस्तुति प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने 2 स्वर्ण, 1 रजत पदक व दो सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## जीते पदक



विद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने मयूर स्कूल, गंगानगर में आयोजित CBSC क्लस्टर बास्केटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में U-17 श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया।



69 डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन टूर्नामेंट में एम.जी.पी.एस. की टीम ने U-17 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। वही U- 14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में mgps की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## C.A. फाउंडेशन परीक्षा 2025 में लिखी सफलता की कहानी





विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा राशि पाहूजा ने C.A. फाउंडेशन 2025 की प्रतिष्ठित परीक्षा में AIR-10 हासिल कर विद्यालय का नाम स्वर्णाक्षरों में लिख दिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी सफलता हासिल की।

## mgps की पूर्व छात्रा ने किया गौरवान्वित

विद्यालय से कला की बारीकियाँ सीखकर, विद्यालय की पूर्व छात्रा व युवा कलाकार आयुषी गुप्ता ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के स्विट्जरलैंड स्थित मुख्यालय में ग्लोबल शेपर्ड्स एनुअल समिट 2025 में भाग लेकर विद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया। इस समिट में भाग लेने वाली वे पहली भारतीय म्यूरल आर्टिस्ट हैं।

## प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का लिया प्रण





दीपावली के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिए गए संदेशों से पंचदिवसीय दीपावली पर्व से जुड़े कुछ पौराणिक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया गया एवं उन्हें भारतीय संस्कृति में दीपावली पर्व के वैज्ञानिक महत्त्व से भी परिचित कराया गया। इस अवसर पर सुंदर गीतों और भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदूषण रहित दीपावली का पोस्टर विमोचन भी किया गया। इसके पश्चात रुद्राक्ष सभागार में संस्कृति प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं विद्यालय के प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा चित्ताकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें सामूहिक गीत, नृत्य, भजन आदि की मनमोहक प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि इन नन्ही प्रतिभाओं को इसी प्रकार पुष्पित और पल्लवित करते रहने से आने वाले समय में कला-जगत के लिए इनकी उपलब्धियाँ बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। विद्यालय स्टाफ का दीपावली मिलन कार्यक्रम भी धूमधाम से आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षकगण द्वारा दीपावली के मनभावन गीत, भजन आदि प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर भवन मंत्री श्री अशोक अजमेरा ने समस्त स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यालय की उन्नति में सभी की समग्र और सकारात्मक भूमिका का आह्वान किया। समारोह में मानद सचिव CA शरद जी काबरा ने सभी को दीपोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षकगण से कहा कि वे भारतीय संस्कृति से संबद्ध पर्वों की गुणवत्ता एवं जीवन में उसकी उपयोगिता विद्यार्थियों तक संप्रेषित करें। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद ने आमंत्रित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ये पर्व विद्यार्थियों में उत्तम नैतिक गुणों, संस्कारों, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक जुड़ाव उत्पन्न करने वाले आवश्यक घटक हैं, जो इन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना करने एवं जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति, प्रताप नगर के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की ली शपथ

'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि राष्ट्रीय एकता दिवस पर विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। इस अवसर पर दोनों शख्सियतों के देश के प्रति योगदान को याद किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद ने विद्यार्थियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता को पूर्ण रूप से संरक्षित रखना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है व इसके लिए हमें आजीवन अपने कर्तव्य पथ पर आरूढ़ रहकर राष्ट्रीयता की भावना को सर्वोपरि रखना होगा।

## विशेष उपलब्धियाँ

- भारती निकेतन विद्यालय डूंगरगढ़, बीकानेर में आयोजित एसजीएफआई स्टेट योगासना टूर्नामेंट में कक्षा 12वीं की छात्राएँ नित्या साहू और शैलजा व्यास ने अपने उत्कृष्ट योग प्रदर्शन द्वारा स्वर्ण पदक तथा पी. बी. सिद्धार्थ कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, आंध्र प्रदेश में आयोजित एनवाईएसएफ नेशनल योगासना टूर्नामेंट में कक्षा 12वीं के छात्र अंकुश जांगिड़ ने




अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।
- 8 से 11 अक्टूबर 2025 को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कानोता, जयपुर में आयोजित एसजीएफआई टूर्नामेंट में विद्यालय के विभिन्न एथलीट्स प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीते, जिनमें -
- 100 मीटर हर्डल्स प्रतियोगिता में U-17 गर्ल्स कैटेगरी में कक्षा 12वीं की छात्रा लक्ष्मी शर्मा ने रजत पदक तथा U-19 कैटेगरी में खुशबू जांगिड़ ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुई। खुशबू जांगिड़ ने 200 मीटर रेस में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।
- डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में U-19 गर्ल्स कैटेगरी में कक्षा 12वीं की छात्रा तान्या दमाच्या श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुई।।
- गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चित्तौड़ा, फागी, जयपुर में आयोजित टूर्नामेंट में U-17 बॉयज कैटेगरी में विद्यालय की 11वीं कक्षा के छात्र अभिनव चौधरी ने 110 मी. हर्डल्स रेस में रजत पदक तथा 400 मी. हर्डल्स रेस तथा हाई जंप में कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ।
- इसी क्रम में विद्यालय की 11वीं कक्षा के छात्र अक्षित गेट ने हाई जंप में रजत पदक तथा 110 मी. हर्डल्स रेस में कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ।
- कक्षा 12वीं के छात्र सुमित सैनी तथा कक्षा 11वीं के छात्र अक्षित गेट, इशांत शर्मा तथा अभिनव चौधरी ने 4 x 400 रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।
- कक्षा 12वीं के छात्र हर्ष साहू U-19 बॉयज कैटेगरी में 400 मी. हर्डल्स रेस में रजत पदक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ।
- कक्षा 9वीं का छात्र अक्षत गुप्ता U-14 बॉयज कैटेगरी में 200 मी. रेस में रजत पदक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ।



- कक्षा 5वीं की छात्रा डेलिजा कँवर ने खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर में खेलो इंडिया योगासना वूमेंस सिटी लीग द्वारा आयोजित 'अस्मिता खेल से ही है पहचान' में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पी.जी. कॉलेज, प्रताप नगर ✆ 9649418880, 9649318880

## महाविद्यालय में नवगठित प्रबंध समिति को कार्यभार सौंपा गया



महाविद्यालय में नवनिर्वाचित एवं नवगठित प्रबंध समिति का हस्तांतरण एवं अधिग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रबंध समिति एवं नवीन प्रबंध समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सौहार्दपूर्ण परिवेश में सराबोर इस अवसर पर पदाधिकारियों को विधिवत कार्यभार सौंपा गया। नवनिर्वाचित **मानद् सचिव एडवोकेट श्री मनीष गगरानी जी एवं भवन मंत्री श्री सतीश सारडा जी** द्वारा पूर्व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को स्मृति-चिह्न देकर उनका आभार व्यक्त किया गया। साथ ही पूर्व प्रबंध समिति के सचिव श्री दिनेश कुमार मोदानी जी द्वारा नवगठित प्रबंध समिति के सदस्यों का स्नेहपूर्वक स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-भेंट देकर अभिनंदन किया गया।

## नए अपराधिक कानूनों पर आयोजित प्रदर्शिनी का अवलोकन किया



महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के विद्यार्थियों ने दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को JECC, जयपुर में आयोजित नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नवीन विधिक प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की तथा सहभागिता हेतु प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए। **मानद् सचिव एडवोकेट श्री मनीष गगरानी, भवन मंत्री श्री सतीश सारडा** द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

## दीपावली पूजन कार्यक्रम का आयोजन

महाविद्यालय में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक तरीके से दीपावली पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के **मानद् सचिव एडवोकेट श्री मनीष गगरानी जी, भवन मंत्री श्री सतीश सारडा जी** तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने विधि-विधानपूर्वक भगवान गणेश एवं माँ लक्ष्मी का पूजन किया।





कार्यक्रम में सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की गई।

## रन फॉर यूनिटी मार्च




भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी मार्च कार्यक्रम गांधी सर्किल जयपुर से अमर जवान ज्योति तक मार्च करके आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

**मानद् सचिव एडवोकेट श्री मनीष गगरानी जी, भवन मंत्री श्री सतीश सारडा जी द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।**

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बगरू ✆ 2983705, 8114410588

## दीवाली उत्सव



एमपीएस, अजमेर रोड़ तथा एमपीएस, संस्कृति में नवरात्रि और दिवाली का जश्न बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को दीयों, रंगोली और फूलों से सजाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के साथ आगंतुक अभिभावकों ने भी खूब आनंद लिया। सभी ने पूरे जोश के साथ गरबा एवं डांडिया नृत्य किया।

यह महीना उत्सवों से भरा था। एमपीएस संस्कृति, बगरू के बच्चों ने भी पूरी ऊर्जा के साथ इन त्योहारों का आनंद लिया।

## स्नेह मिलन समारोह

इस कार्यक्रम में विद्यालय की पुरानी कार्यकारिणी सभा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सभा को कार्य भार सौंपा एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





## अभिभावक शिक्षक बैठक

विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) में अभिभावकों को विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा की परीक्षा के परिणाम, प्रगति और व्यवहार से अवगत कराया गया।

दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को विद्यालय में कक्षा 1 के विद्यार्थियों के लिए 'सपनों का घर' तथा कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए 'कहानी सुनाओ' गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया।

## कार्टून स्ट्रिप्स गतिविधि



विद्यार्थियों में रचनात्मक लेखन, चित्रांकन कौशल और सार्थक संदेश को रोचक तरीके से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से 'कार्टून स्ट्रिप्स निर्माण गतिविधि' आयोजित की गई। छात्रों ने रंगों व संवाद बुलबुलों का उपयोग करके हास्य-रस व संदेश दोनों को संतुलित रूप में प्रस्तुत किया।

## साइबर सेफ्टी माह

विद्यालय में इस वर्ष 'साइबर सेफ्टी माह' जागरूकता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस माह का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन व्यवहार, सोशल मीडिया के सही प्रयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जागरूक करना था। माह के दौरान अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में साइबर जागरूकता बढ़ी और डिजिटल जीवन में सतर्क रहने की सोच विकसित हुई।

## डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा रिदमिक कथक कार्यशाला का आयोजन



विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर युवा कला प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने तथा उच्च स्तरीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा रिदमिक कथक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध कथक प्रशिक्षिका मनीषा गुलियानी ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईएएस ऑफिसर नेहा गिरि, प्रख्यात अभिनेता व फिल्म मेकर राहुल सूद, एडिशनल कमिश्नर जीएसटी कीर्ति शर्मा, विद्यालय सचिव राधामोहन कचोलिया तथा प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा की उपस्थिति में प्रशिक्षिका की शिष्या कृष्णेशी शर्मा और धृति मणि त्रिपाठी ने विद्यालय के डेल्फिक क्लब के विद्यार्थियों को कथक के दौरान होने वाले हस्त संचालन, पद संचालन, विशेष मुद्राएँ आदि के बारे में विशेष जानकारी दी।



## विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 अटल टिंकरिंग लैब वाले स्कूलों ने दिखाया इनोवेशन का जज्बा



विद्यार्थियों के सतत विकास के लिए विद्यालय स्तर पर ही नवाचार, रचनात्मकता तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025' का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, अटल इनोवेशन मिशन (AIM) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस ऑल इंडिया ऑनलाइन प्रतियोगिता में देशभर के अटल टिंकरिंग लैब वाले विद्यालयों ने इनोवेटिव मॉडल और प्रोजेक्ट तैयार किए।

इस राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए डीओई द्वारा राजस्थान के दो विद्यालयों का चयन किया गया। जिसमें से एक एमपीएस इंटरनेशनल है। विद्यार्थियों ने ईवी व्हीकल्स के लिए वायरलेस चार्जिंग स्टेशन, कैंसर और दूसरी घातक बीमारियों का इलाज करने के लिए नैनो मेडिसिन तथा मिट्टी के मिनरल्स का निरीक्षण करने हेतु परियोजनाएँ तैयार कीं।

## विशेष उपलब्धियाँ

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन



कक्षा 12 के सौरभ सोढानी ने खेल शिक्षक विष्णु गुर्जर के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग 500 मीटर क्वाड प्रतियोगिता तथा छात्र युजवेंद्र सिंह राठौड़ ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया व नवंबर माह में जम्मू कश्मीर में होने वाले SGFI राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयनित हुए।



### विद्यालय को मिला बेस्ट स्कूल अवॉर्ड



अक्षय पात्र जगतपुरा द्वारा आयोजित 17वें हेरिटेज फेस्ट में जयपुर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 3500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अत्यंत गर्व की अनुभूति करते हुए प्राचार्या जी ने बताया कि विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बेस्ट स्कूल अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। हेरिटेज फेस्ट के अंतर्गत चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, सुलेख, कृष्णा वेशभूषा, कलरिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, निबंध लेखन जैसी लगभग 32 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



विद्यालय के भवन मंत्री श्री गोविन्द जी मालपानी, एम.एम.सी. मेम्बर्स कविता फोफलिया, नवीन सारड़ा, प्राचार्या मंजू शर्मा व समस्त शिक्षकगणों ने गणपति व माँ लक्ष्मी का श्रद्धापूर्वक पूजन किया। इसी दौरान आयोजित की गई अंत्याक्षरी ने विद्यालय प्रांगण को उल्लासमय बनाया व सबने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यालय द्वारा उठाया गया अभिनव कदम



प्रत्येक कालांश में जब शिक्षक कक्षा में प्रवेश करते हैं तो विद्यार्थी श्रद्धा और उमंग से भरे स्वर में किसी पवित्र मंत्र का उच्चारण कर उनका स्वागत करते हैं। यह अनुपम दृश्य शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच स्नेह, सम्मान और विश्वास के सेतु को सुदृढ़ता प्रदान करता है साथ ही विद्यालय प्रांगण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### विद्यालय शिक्षा सचिव की कलम से.....

शिक्षक ज्ञान के दीपक हैं जो शिक्षा के प्रकाश से समाज को आलोकित करते हैं। विद्यालय तभी प्रगति करता है जब उसमें संस्कार, समर्पण और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए।

**Shri Radha MohanKacholia (CA)**- Hon. Secretary

## स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती सप्ताह




स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती मनुष्य की जिंदगी के महत्वपूर्ण घटक हैं। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के उपलक्ष्य में स्वस्थ आदतों और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 4 से 10 अक्टूबर तक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती सप्ताह का आयोजन किया गया। साप्ताहिक कार्यक्रमों में 'त्रीणि अंग योगशाला' के तत्वावधान में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित योग शिक्षक और मूल्यांकनकर्ता श्री हर्ष गुप्ता के सानिध्य में योगा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमे योग, आसन, प्राणायाम, यौगिक ध्यान और माइंडफुलनेस अभ्यासों के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, भावात्मक संतुलन और शारीरिक कल्याण को बढ़ावा देना था। इसी कड़ी में 'श्री नवीन जैन आईएएस ( वित्त सचिव राज. सरकार ) एवं डॉ. सौरभ जैन ( वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ) ने किशोरों के लिए विशेष रूप से गठित संस्थान 'स्पर्श' के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए अच्छे एवं बुरे स्पर्श में अंतर, सकारात्मकता तथा नकारात्मकता, बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम, बाल शोषण रोकथाम, सोशल मीडिया और उत्तरदायित्व, साइबर धमकी आदि विषयों पर वार्ता करते हुए विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन मे आवश्यक जीवन कौशलों, मूल्यों और जागरूकता को विकसित करने में मदद की। अन्य सत्रों में तेल एवं शुगर युक्त भोजन में कमी, पोषण और तनाव प्रबंधन पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने छात्रों की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सीखने की प्रक्रिया में उनकी उपयोगिता और महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की।

## दीपोत्सव




विद्यालय में हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व दीपावली उत्साह और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा मे विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका एवं भाषण के माध्यम से दीपावली मनाए जाने के कारण, रीति, परम्परा एवं महत्व को दर्शाया।

एमपीएस संस्कृति के विद्यार्थियों ने दीपावली के पावन पर्व पर रामायण के विभिन्न घटनाक्रमों का नाट्य रूपांतर करते हुए श्रीराम के चरित्र, शूर्पणखा लक्ष्मण वार्ता, सीता हरण, जटायु



संवाद, रावण वध को जीवंत रूप प्रदान किया। विद्यार्थियों की बाल सुलभ लीलाओं को देखकर सभी का मन प्रसन्नता से गद्‌गद हो गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार का दीपावली स्नेह मिलन विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। संगीत विभाग एवं एमपीएस संस्कृति के शिक्षकों द्वारा संगीतमय राम स्तुति ने सभागार को राम भक्ति के रंग में भिगो दिया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत कविता एवं गीतों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर भवन मंत्री श्री रवि पेड़ीवाल ने दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए इस पर्व को धूमधाम से भाईचारे के साथ सुरक्षित तरीके से मनाने के बारे में बताया।

## स्वच्छता रैली

2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर प्रारम्भ हुए स्वच्छता सप्ताह में विद्यालय के कब बुलबुल, एनसीसी कैडेट्स एवं Cleanliness club के विद्यार्थियों ने स्वच्छता रैली का आयोजन कर नारों एवं पोस्टरों के माध्यम से वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाकर स्वच्छ भारत की संकल्पना में योगदान का संदेश दिया।

## कब बुलबुल का एक दिवसीय जाँच शिविर



दिनांक 30 अक्टूबर को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के स्थानीय संघ झोटवाड़ा द्वारा मंडल मुख्यालय बनीपार्क में आयोजित कब बुलबुल के एक दिवसीय जाँच शिविर में विद्यालय के 31 कब बुलबुल ने भाग लेकर प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा एवं विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों का कुशलता से प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में प्रकृति के मध्य रहते हुए आनंदमय जीवन जीने के कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# MONTHLY ACTIVITIES



**SORTING**



**POTATO IMPRESSION**



**HAND IMPRESSION**

**YOGA POSE**





**MONTESSORY ACTIVITY "PINK TOWER"**

MPS Sanskriti Pre-Primary School को अब सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त करते हुए MPS Sanskriti Primary School के रूप में क्रमोन्नत किया गया है। सत्र 2026-27 में कक्षा एक के लिए नवीन प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ की जाएगी।




# Annual Sports Meet 2025



# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय अथवा मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



### पिछले अंक में दी गई रंग भरो प्रविष्टियों में से प्राप्त प्रथम 5 उत्कृष्ट प्रविष्टियां



नाम
निहारिका माहेश्वरी
पिता
श्री विपिन माहेश्वरी
आयु 10 वर्ष



नाम
दिविशा लखोटिया
पिता
श्री कुणाल लखोटिया
आयु 7 वर्ष



नाम
निभीष माहेश्वरी
पिता
श्री अभिषेक चितलांग्या
आयु 6 वर्ष



नाम
चारवी परवाल
पिता
श्री आदर्श परवाल
आयु 13 वर्ष



नाम
विहाना फोमरा
पिता
श्रीमती नेहा माहेश्वरी
आयु 10 वर्ष

## Creative Corner

### There are 12 rabbits hidden in the picture, can you find them?




## WORD POWER

### VOCABULARY CORNER
### Learn, Play & Win

Each month, will share 10 new words. Use all of them to write a short passage or a story and mail it to us (jmpatrika@gmail.com). Save and remember these words—they'll help to participate in the Vocabulary Contest held every three months with fun activities like quizzes, crosswords and more. Winners will get prizes and a feature in the magazine.

**Set 3**

1. **Repent-** to feel sorry for something you have done
2. **Disregard-** to pay no attention, to ignore
3. **Humdrum-** without excitement or variety.
4. **Offensive-** causing displeasure , highly irritating, angering or annoying
5. **On the watch–** to be alert, look attentively
6. **Point of view-** The way you think/view something.
7. **Severely dealt with-** Will face strict punishments.
8. **To be inquisitive-** having or showing interest in learning things, curious.
9. **Vanish off the face of the earth-** Will not be seen or found anymore.
10. **Flatter-** To try to please someone, by saying many good things about them.

## वर्ग पहेली-21

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ |
| ■ | 9 | | | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | 15 | ■ | |
| 16 | | 17 | ■ | | ■ | 18 | 19 | |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | |
| 24 | 25 | ■ | 26 | | | | | ■ |
| ■ | 27 | 28 | | ■ | | ■ | 29 | 30 |
| 31 | | | | ■ | 32 | | | |

### संकेत– बाएँ से दाएँ

1. बदला (4), 4. जंगली फूलों की माला (4), 7. ललाट (2)
8. शर्म, लज्जा (3), 9. झूठा इलाज (5), 11. मछली (5), 13. तुषार (2)
14. अन्न जिनसे तेल बनता है (4), 16. ऊपर से खुला तंबू (3), 18. संध (3)
20. स्वार्थी (4), 23. माता (2), 24. हया, शर्म (2), 26. जनता का सचेत होना (5)
27. नारी (3), 29. रक्त (2), 31. एक नदी (4), 32. समुद्र (4)

### वर्ग पहेली 20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | 2 पु | ण | 3 ता | ■ | 4 अ | 5 स | 6 ह | ज |
| 7 रा | र | ■ | रा | ■ | 8 भि | खा | री | ■ |
| ■ | 9 अ | प | ना | 10 प | न | ■ | 11 रा | 12 ह |
| 13 म | स | ■ | 14 थ | का | व | 15 ट | ■ | ल |
| 16 न | र | 17 दा | ■ | प | ■ | 18 न | 19 म | क |
| चा | ■ | 20 स | 21 र | का | 22 र | ■ | 23 हा | ट |
| 24 हा | 25 नि | ■ | 26 द | या | नि | धा | न | ■ |
| ■ | 27 क | 28 ला | प | ■ | वा | ■ | 29 ग | 30 ला |
| 31 न | ट | ख | ट | ■ | 32 स | दा | र | त |

### ऊपर से नीचे–

1. चमक (2)
2. बेचैन होना (5)
3. धनाढ्य (4)
4. इत्यादि (4)
5. मनुष्य, आदमी (2)
6. शोक संबंधी (3)
10. चरित्र (5)
12. नख कतरनी (5)
13. भोजनालय, रसोईघर (4)
15. बड़ी नदी (2)
17. अँधेरा (2)
19. राज्याभिषेक (5)
21. सलाह (4)
22. मंत्र का पहला अक्षर (4)
25. कुनबा, समूह (2)
28. जलकल टोंटी (2)
30. अप्सरा (2)

Ray-Ban ELLE VOGUE LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY 30%*



Mukesh Baheti
+91 98290 48022

A-13, Mall Road, Sect-1,
Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

**Baheti Optician**
WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE



Seema Jajoo
8079010467

**Seema Creations**

Deals in : Designer Suits, Kurtis, Leggings & Dupatta etc.

M.S. No. 5&6, Jaipur Heritage Bazar, A.C. Market Basement, Opp. National Handloom, Galaxy Star Mall Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur (Raj.)

||श्री महेश्वराय नमः||



**आलोक झँवर**
सुपौत्र स्व. श्री कन्हैया लाल जी झँवर ( घी वाले )
सुपुत्र श्री नवल किशोर झँवर
व्यवसाय : रत्न व्यवसायी एवं वास्तु सलाहकार
म.नं. 8, शिव मार्ग, राजभवन के पीछे,
सिविल लाईन्स, जयपुर
0141-4003155 (O) मो. : 9829068442

ॐ ASTRO-KNOWLEDGE ॐ



**ज्योतिष आचार्या**
**सीमा लोहिया**

- हस्तरेखा विश्लेषण
- वास्तु परामर्श
- कुंडली विश्लेषण
- व्यापारिक समाधान
- वैवाहिक परामर्श
- कुंडली मिलान
- कैरियर समाधान
- स्पिरिचुअल हीलिंग
- न्यायिक परामर्श
- लव/अरेंज मैरिज
- संतति परामर्श

समय:
सुबह:11am to 1 pm
शाम: 5 pm to 7:30 pm

C-23, Bhagat Singh Marg, Tilak Nagar, Jaipur - 302004
8949268569
@astroknowledge.seema

विद्याधर नगर जयपुर में

**Cloud KITCHEN**
(A Unit of Buffet Badshah)
नितिन माहेश्वरी
98290-28642
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें

| 10 Pax | | 20 Pax | |
|---|---|---|---|
| 1600 Rs | 2200 Rs | 2800 Rs | 4000 Rs |
| दाल तड़का 2 Kg | दाल मखानी 2 Kg | दाल तड़का 4 Kg | दाल मखानी 4 Kg |
| मिक्स वेज 2 Kg | पनीर लबाबदार 2 Kg | मिक्स वेज 4 Kg | पनीर लबाबदार 4 Kg |
| जीरा राईस 2 Kg | वेज रायता 2 Kg | जीरा राईस 4 Kg | वेज रायता 4 Kg |
| 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 2 Kg | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद | जीरा राईस 4 Kg |
| मिष्ठान सहित सौंफ | 30 बटर चपाती ग्रीन सलाद | मिष्ठान सहित सौंफ | 60 बटर चपाती ग्रीन सलाद |
| | मिष्ठान सहित सौंफ | | मिष्ठान सहित सौंफ |

| सब्जियां kg में | |
|---|---|
| 1. पनीर बटर मसाला | -380 /- |
| 2. पनीर लबाबदार | - 360/- |
| 3. कढ़ाई पनीर | - 360/- |
| 4. शाही पनीर | - 360/- |
| 5. मिक्स वेज | - 320/- |
| 6. दाल फ्राई | - 260/- |
| 7. दाल तड़का | - 280/- |
| 8. दाल मखानी | - 340/- |
| 9. जीरा राईस | - 200/- |
| 10. वेज पुलाव | - 220/- |
| 11. वेज बिरयानी | - 240/- |
| 12. चपाती ( सादा ) | -10/- |
| 13. चपाती ( बटर में ) | -15/- |

| STARTERS | Per Kg. |
|---|---|
| Chilli Potato | 280/- |
| Honey Chilli Potato | 300/- |
| Chilli Paneer (Dry) | 360/- |
| Chilli Paneer (Gravy ) | 360/- |
| Hakka Noodles | 280/- |
| Veg Chowmein | 280/- |
| Veg Manchurian (Dry) | 320/- |
| Veg Manchurian (Gravy) | 320/- |
| Veg Fried Rice | 280/- |
| Mix Veg Pakoda | 320/- |
| Red Sauce Pasta | 350/- |
| White Sauce Pasta | 380/- |

Delivery in Complete Jaipur

**श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर**
द्वारा
मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु

**महेश बैकुंठ रथ**
**(मोक्ष वाहिनी)**
की सेवाएँ संचालित हैं।



सम्पर्क सूत्र
97859-85000, 99502-69470, 96948-68177

नितिन माहेश्वरी
9829028642

**विनायक मेडिकल स्टोर**
(21 वर्षों से आपकी सेवा में समर्पित)
माहेश्वरी बंधुओं को सभी दवाईयों पर 15% तक की छूट

FREE DELIVERY



3000/- की दवाईयों पर 18% तक की छूट

Call Us
982 9028 642

23, खेतान हॉस्पिटल के सामने, सीकर रोड़, जयपुर

## तुलसी-शालिग्राम विवाह :
## महेश नगर टोंक फाटक पर दिव्य एवं भव्य आयोजन



महेश नगर टोंक फाटक पर महिला परिषद, जोन 6 द्वारा आयोजित तुलसी-शालिग्राम विवाह का पावन उत्सव सभी के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनगया। पूरे परिसर में भक्ति सौहार्द और सांस्कृतिक गौरव का ऐसा अनुपम संगम दिखाई दिया कि प्रत्येक सहभागी स्वयं को इस दिव्य वातावरण में धन्य अनुभव कर रहा था।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल ध्वनियों और पारंपरिक विधियों के साथ हुआ। सुसज्जित मंडप में तुलसी मैया और शालिग्राम जी का प्रत्येक संस्कार अत्यंत श्रद्धा, सौंदर्य और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

पाणिग्रहण संस्कार के समय वैदिक मंत्रोच्चार की पावन गूँज ने संपूर्ण परिसर को आध्यात्मिक तेज से आलोकित कर दिया। तुलसी मैया का अलौकिक श्रृंगार और भक्ति से ओतप्रोत प्रत्येक अनुष्ठान ने मन को भावविभोर किया।

विदाई की बेला भी स्नेह और अपनत्व से भरी हुई रही- जैसे भक्तिका यह मिलन कभी समाप्त न हो। भोजन व्यवस्था ने सभी का मन जीत लिया।

इस भव्य आयोजन की सफलता के पीछे जोन 6 की सभी समर्पित बहनों का अद्वितीय सहयोग रहा-

सर्वश्री सुलभा-नटवर जी सारडा, अनीला (मेघा)-संजय जी झंवर, शोभा-मनीष जी बजाज, सुलोचना-नरेन्द्र जी बांगड़, हेमलता-राजेश जी सारडा, अनिता-महेश जी परवाल, सुमन-सूर्यप्रकाश जी सामरिया, डॉ. नूपुर-अमित जी मोदानी, सीमा-विनीत जी मूंदड़ा, उमा जी-सुनील जी अजमेरा।

सभी ने अपने विशिष्ट योगदान से आयोजन को सुव्यवस्थित, सौंदर्यपूर्ण और अत्यंत सफल बनाया।

महेश नगर टोंक फाटक में आयोजित यह तुलसी-शालिग्राम विवाह लंबे समय तक स्मृतियों में चमकता रहेगा- भक्ति, सौंदर्य, अनुशासन और प्रेम का साकार रूप बनकर।




# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

## विधान एवं नियमावली संशोधन हेतु सुझाव आमंत्रण

प्रिय समाजबंधुओं,

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के कार्यकलापों को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं समयानुकूल बनाने के उद्देश्य से समाज के विधान में संशोधन करने का विचार किया जा रहा है।

इस संदर्भ में सभी सम्मानित सदस्यों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं से निवेदन है कि वे समाज के हित में अपने सुझाव एवं अभिमत लिखित रूप में प्रस्तुत करने का श्रम करावें।

आपके सुझावों का संकलन कर उन्हें विधान संशोधन समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा, ताकि समाज के विकास और संगठन की मजबूती हेतु उपयुक्त संशोधन किए जा सकें।

आप अपने सुझाव निम्न माध्यमों से भेज सकते हैं –

shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com

डाक : समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक मार्ग, जयपुर-302004

सुझाव भेजने की अंतिम तिथि : 31.12.2025

आपके प्राप्त सुझावों से समाज की प्रगति हेतु मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में अमूल्य योगदान होगा।

**नोट :** समाज विधान व नियमावली (संस्करण फरवरी 2020) की डिजिटल कॉपी के लिये 9413793771 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा हार्ड कॉपी समाज कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती है।

**राधाबल्लभ अजमेरा**
संयोजक- विधान संशोधन समिति
मो. नं. : 9928547817

## दीपावली पर 'स्वदेशी अपनाओ-सद्भाव बढ़ाओ' का संदेश देते हुए वस्त्र व मिठाई वितरण सेवा प्रकल्प संपन्न




श्री माहेश्वरी महिला परिषद तथा पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के पावन अवसर पर 'स्वदेशी अपनाओ-सद्भाव बढ़ाओ' विषय पर सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोजराज बस्ती, कठपुतली नगर तथा अमरूदों के बाग बस्ती क्षेत्रों में वस्त्र वितरण, दीपक वितरण एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल दीपावली की खुशियाँ बाँटना नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, अपनापन और मानवीयता की भावना को प्रज्वलित करना था। दोनों संस्थाओं ने मिलकर जरूरतमंद परिवारों को दीपावली के उत्सव में सहभागी बनाया और 'स्वदेशी वस्तुएँ अपनाएँ, देश का सम्मान बढ़ाएँ' का प्रेरक संदेश भी दिया।

# कृष्णाधाम वृद्धाश्रम

## वृद्धाश्रमवासियों ने किया लाफिंग योगा अभ्यास



कृष्णाधाम वृद्धाश्रम में दिनांक 11.11.2025 को सत्यम लेडिज क्लब जयपुर के सौजन्य से वृद्धाश्रम निवासरत आदरणीय वरिष्ठजनों को हाऊजी खेल खिलाया व कीर्तन कराये गये। दिल्ली से पधारी योगा टीम द्वारा Laughing yoga का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्या श्रीमती संगीता लड्ढ़ा, श्रीमती आशा परवाल, श्रीमती मम्मू साबू, श्रीमती मीना साबू, श्रीमती यामिनी मालपानी, श्रीमती पूनम मालपानी व अन्य सदस्या मौजूद रही। क्लब के सदस्यों द्वारा प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से करीब 1,50,000/-( एक लाख पचास हजार रुपए ) का कृष्णाधाम वृद्धाश्रम में सहयोग किया। वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री सत्यनारायण करवा द्वारा क्लब अध्यक्षा श्रीमती संगीता लड्ढ़ा एवं अन्य सदस्याओं का समस्त सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।



दिनांक 10.11.25 को कृष्णाधाम वृद्धाश्रम में माहेश्वरी क्लब Wing-B, श्याम नगर द्वारा भजन कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्षा श्रीमती ममता काबरा व सचिव चन्द्रिका परवाल हैं। क्लब सदस्या श्रीमती पूजा मालपानी और श्रीमती नीलम बाधला का जन्मदिन वरिष्ठजनों के साथ धूमधाम से केक काट कर मनाया गया।

डॉ. हर्षिता पुत्री श्रीमती जयश्री-देवी प्रसादजी बियानी, बरकत नगर,टोंक फाटक का जन्मदिन 31.10.2025 को कृष्णाधाम वृद्धाश्रम में आदरणीय वरिष्ठजनों के साथ मनाया। भव्य सुंदरकांड और रात्रि प्रसादी का आयोजन भी किया गया।



**समस्त सहयोगकर्ता का हृदय से आभार**

## नियमति नये जुड़े मासिक सहयोगी

( न्यूनतम अवधि एक वर्ष तक के लिए )

| क्र. | विवरण | सहयोग राशी |
|---|---|---|
| 1. | स्मृति-बृजेश कुमार द्वारा पिता श्री कैलाश चन्द्र कमल | 11,000 |
| 2. | काबरा परिवार ( मुरलीपुरा ) ( राशन ) | 5,100 |
| 3. | श्रीमती ममता-श्री हरिओम परवाल ( झोटवाडा ) ( राशन ) | 2,100 |
| 4. | श्री C.A. नारायण धूपड- स्व.श्री रामपाल धूपड ( अजमेर ) जयपुर ( मेडिकल ) | 2,100 |
| 5. | श्रीमती विनम्रता जोशी- श्री दिलीप जोशी ( राशन ) | 2,100 |
| 6. | श्रीमती मधु अग्रवाल-श्री मुकेश अग्रवाल ( पीलीबंगा ) | 2,100 |
| अन्य सहयोगी :- | | |
| 1. | श्री अशोक कुमार रमेश कुमार जेठानी ( प्रेरक-मालचन्द जी बाहेती ) 18 गद्दे ( अनु. लागत ) | 63,000 |
| 2. | श्री प्रमोद लखोटिया-च्यवनप्राश ( लागत ) | 14,350 |
| 3. | SMFG India Creadit Company Limited ( राशन ) | 5,650 |
| 4. | श्रीमती पुष्पा मर्दा ( महावीर जी मर्दा ) | 5,100 |
| 5. | श्रीमती मंजू अग्रवाल, जयपुर मेडिकल सहयोग | 5,000 |

श्रीमती शालिनी रावत-सुनील जी, जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस जयपुर, निवासी निवारू रोड़ ने दिनांक 3 नवंबर, 2025 को अपने पुत्र प्रथम खंडेलवाल का जन्मदिन आश्रम में आदरणीय वरिष्ठजनों के साथ केक काटकर मनाया और उनको हाऊजी खेल खिला कर सभी को उपहार वितरित किए गए।

कृष्णाधाम वृद्धाश्रम में 20.10.2025 को वरिष्ठजनों द्वारा दीपोत्सव त्यौहार पर आतिशबाजी की और मां लक्ष्मीजी की पूजा अर्चना कर धूमधाम से दिवाली मनाई।

दिनांक 17.10.25 को कृष्णाधाम वृद्ध आश्रम में हेल्पएज इंडिया टीम द्वारा दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठजनों को मिठाइयां बांटी गई। दीपक जलाए और रंगोली बनाकर वरिष्ठजनों के साथ में दीपावली मनाई गई इस अवसर पर हेल्पज इंडिया के मुकेश कुमार यादव को ऑर्डिनेटर एवं शैलेश यादव उपस्थित रहे।


## कृष्णधाम वृद्धाश्रम

( श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित )

उत्सव जनोपयोगी भवन के पास, पी-10ए, सेक्टर-2, विद्याधर नगर, जयपुर-39

**जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं आपके अन्य खुशी का दिन वृद्धाश्रम में निवासरत आदरणीय वृद्धजनों के साथ मनायें व उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त करें।**

**प्रातः नाश्ता : 2,100/-** ( समय : प्रातः 9:00 से 9:30 बजे )

**दोपहर भोजन : 5,100/-** ( समय : दोपहर- 12 से 1 बजे )

**रात्रि भोजन : 5,100/-** ( समय : शाम- 7:00 से 8:00 बजे )

विशेष : मेजबान नाश्ता 50/- एवं लंच/डीनर 100/- रुपये प्रति व्यक्ति अतिरिक्त।

BANK A/C Detail

SHRI MAHESHWARI SAMAJ VRADHASHRAM, JAIPUR
A/c No. 2111000000000151 • IFSC : AUBL0002163
Bank Name : AU Small Finance Bank Ltd., Ambabari

सम्पर्क सूत्र : 9079018860

# हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



आदरणीय हरिप्रसाद सोमानी जी, RPS (ASP in SOG) को

Mob. No. : 98288-72888

केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से अलंकृत किए जाने पर हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ।



**उदय माहेश्वरी**

( सुपुत्र श्री अशोक व श्रीमती नीतू कचोलिया )

Mob. No. : 82095-79218

ने CPT ( CA प्रवेश परीक्षा ) में ऑल इंडिया 18वीं रैंक

इंटरनेशनल इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशनल मीट ‘Synergy Summit – 2025’ के दौरान यूनिव. ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता ( खटोड़ ) को ‘Outstanding Contribution to Visual Arts’ अवॉर्ड प्राप्त होने पर।





द्विति काबरा द्वारा 24-25 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान राज्य स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक ( द्वितीय स्थान ) प्राप्त करने पर।

हार्दिक पचीसिया सुपुत्र श्रीमती रश्मि-नितिन पचीसिया को National Karate Championship UP में दो गोल्ड मेडल जीतने पर।





**राधिका झंवर** सुपुत्री श्रीमती शांता-रविन्द्र झंवर को पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विवि, देहरादून से कला स्नातक और विधि स्नातक (BA, LLB-Hon.) की डिग्री प्रथम रैंक के साथ प्राप्त करने पर।

डॉ. प्रांजल माहेश्वरी सुपुत्र श्रीमती सुनीता-डॉ. जी. डी. माहेश्वरी को जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर से रेडिएशन ऑंकोलोजी में एम.डी. की डिग्री एवं सम्मान प्राप्त होने पर।



**मृदुल सोमानी** सुपुत्र श्रीमती किरण-राकेश सोमानी को ICAI द्वारा आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।





**अग्रिमा शारदा** सुपुत्री श्रीमती श्वेता-मनीष शारदा को ICAI द्वारा आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

अर्चिता चितलांग्या सुपुत्री श्रीमती अनुराधा-अतुल चितलांगिया को देहरादून में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय मऊ थाई चौंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर।



## मोक्षधाम, बी-2 बाईपास परियोजना हेतु पदाधिकारियों का मनोनयन



सर्वधर्म मोक्षधाम, बी-2 बाईपास, टोंक रोड विकास समिति का चेयरमैन श्री गिरिराज प्रसाद मोदानी एवं श्री सुभाष परवाल को सचिव मनोनीत किया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत भवन के निर्माण हेतु उपयोगिता का आकलन करने तथा आगामी कार्य संचालन हेतु श्री अनिल कचौलिया एवं श्री गिरधर झंवर को चेयरमैन तथा श्री अशोक सारडा एवं श्री आशीष चौधरी को सचिव मनोनीत किया गया।



नगर निगम जयपुर द्वारा ‘शक्ति वंदन’ कार्यक्रम को सफल बनाने तथा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता और योगदान हेतु निवर्तमान महिला परिषद् अध्यक्ष **श्रीमती ज्योति तोतला** को ‘अहिल्याबाई होल्कर अवार्ड’ से सम्मानित होने पर। उन्हें यह सम्मान महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर द्वारा राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की उपस्थिति में दिया गया।




सात जन्मों का साथ है विवाह,  
पवित्र आत्माओ का मिलन है विवाह,  
संस्कृति व संस्कार का एकाकार है विवाह,  
प्रेम, निष्ठा और त्याग का संमिश्रण है विवाह,  
मिलकर जीवन बिताना है विवाह,  
राह से मंजिल तक पहुचना है विवाह,  
नये अध्यायों को आयाम देना है विवाह,  
जीवन की नई शुरुआत है विवाह,  
विवाह कोई बंधन नहीं,  
मधुर व्यवहार है,  
जीवन भर साथ निभाने का,  
स्वार्थ की आहुति देने का,  
एक दूजे पर असीम प्यार  
बरसाने का नाम है विवाह। ■ माधुरी मोहता

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

का

# नवीन प्रकल्प




## विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार हैः

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **211100000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू** — उपाध्यक्ष (समाज)
**पूनम चन्द भाला** — उपाध्यक्ष (अर्थ)
**सुशील जाजू** — कोषाध्यक्ष (समाज)
**सीए. नटवर सारड़ा** — अर्थमंत्री
**कमलेश लढ्ढा** — भवन मंत्री (समाज)

### भवन निर्माण समिति

**विष्णु लढ्ढा (वैशाली नगर)** — चेयरमैन (निर्माण)
**राधेश्याम काबरा** — चेयरमैन (वित्त)
**हरीश मालू** — सचिव (निर्माण)
**हरीश भराड़िया** — सचिव (वित्त)
**विकास मोहता (चित्रकूट)** — समन्वयक (भवन)

# स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।



श्रीमती पुष्पा देवी राठी
22.10.2025



श्री गोपाल दास मारू
25.10.2025



श्रीमती गवरी देवी लधड़
26.10.2025



श्रीमती सरिता देवी आगीवाल
31.10.2025



श्री कृष्ण कुमार सारड़ा
01.11.2025



श्रीमती गीता देवी काबरा
01.11.2025



श्री विनोद मालपानी
03.11.2025



श्रीमती निर्मला बिहानी
07.11.2025



श्री देवेश बियानी
08.11.2025



श्रीमती सुधा देवी लखोटिया
11.11.2025



श्रीमती आशा मालपानी
11.11.2025



श्रीमती शांता कालानी
12.11.2025

## विद्युत चालित एवं पारदर्शी "जागृति अन्तिम दर्शनिका"

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979**


## गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
"गणगौर हाउस", प्लाट नं. 166, सेक्टर – 2, गणेश पार्क के पास, 'उत्सव' माहेश्वरी जनाश्रयी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर।
0141-2235363
+91-9314242432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
प्लाट नं. G-458C, ... रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर।
0141-4015444
+91-9309485200

# कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE
KDRC
JAIPUR
Estt since 2011

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com



**सुविधाएँ**

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)



- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री

**एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध**

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

**निर्मल मूंदड़ा – 98290-50202**


श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर
(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)
पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39
फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416
Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com
समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)
सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत
3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा
आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें
डॉ. विजेता सुल्तानिया
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM
डॉ. आर.सी. गुप्ता
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM
CT एवं Digital X-Ray
सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
8.00 AM on Call
डॉ. विकल्प वशिष्ठ
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
10.30 AM - On Call
डॉ. मनीष जैन
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)
डॉ. ख्याति माहेश्वरी
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM, CDCT, CKTT
9 AM to 2 PM
डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
10 AM to 1 PM
डॉ. संजय खटोड़
(M.B.B.S., M.D. Physician)
श्वांस, दमा एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 11.30 AM TO 1.30 PM
डॉ. विवेक मालपाणी
(M.S.E.N.T.)
नाक, कान, गला व एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 3.30 PM TO 6.00 PM
स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम
50% OFF FOR ALL MAHESHWARI'S
*TERMS AND CONDITION APPLY
जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP खाली पेट
Special Price ₹2600/-
With Physician Consultation
• CBC
• LIPID PROFILE
• FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• BLOOD UREA
• CREATININE
• URIC ACID
• VITAMIN D3
• VITAMIN B12
• T3, T4, TSH
• HBAIC
• LIVER FUNCTION TEST
• ESR
• CALCIUM
• URINE ROUTINE
• PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180
X-Ray Chest PA, ECG
Blood Sugar 35/-
Cholesterol 40/-
SGPT 50/-
Calcium 60/-
CBC 120/-
Thyroid Profile 300/-
Liver Function 250/-
Lipid Profile 300/-
SGOT 50/-
Creatinine 45/-
Urine R/E 50/-
Uric Acid 60/-
E.C.G. 100/-
CRP 150/-
Hb A1C 250/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE खाली पेट
Special Price ₹700/-
• CBC • FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
• HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price ₹1299/-
• CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
• BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
• RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
• URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 3.0 Tesla से
Special Price ₹3500/-
प्रबंध समिति 2025-2028
उमेश सोनी अध्यक्ष
सी.ए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) महामंत्री
डॉ. महेश भूतड़ा स्वास्थ्य मंत्री
मुरारी लाल बिड़ला चेयरमैन
संदीप जाजू समन्वयक
कपिल सोमानी संयोजक

# SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER

(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)

210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19

फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com

## ओपीडी



**General Medicine**
**Dr. Ravindra Mathur**
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Gynaecologist**
**Dr. Vinita Gupta**
M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecology
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(THURSDAY OFF)



**Consultant - Orthopaedic Shoulder, Knee & Hip Surgeon**
**Dr. Prashant Bhutani**
M.B.B.S., DNB Ortho
Shoulder, Knee, Hip, Surgeon, Sports Injury, Joint Replacement
TIMING 2:30 PM to 3:30 PM (Monday to Saturday)



**Dental Care**
**Dr. Bharti Maheshwari**
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Physiotherapist**
**Dr. Anoop Sharma & TEAM**
BPT, MPT (Ortho), COMT
Consultant Physiotherapist
TIMING 8:00 AM To 2:00 PM
(SUNDAY CLOSE)



**Gynecologist**
**Dr Priyanka Goel**
MBBS, DNB (OBG), GOLD MEDALIST
Laparoscopic and Surgeon
Fellowship in Gynecological Oncology (GCRI, Ahmedabad)
Timings 5.30 pm to 6:30 pm
Monday-Saturday (Sunday off )



**Quality Dental Care**
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and May More....

**PHYSIOTHERAPHY**
START ₹250/-
- Assessment and Diagnosis
- Rehabilitation Sessions
- Individualized Treatment Plans

**लैब का समय**
प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)



**Dr. Deepak Agarwal**
MBBS, MD, DNB
(Cardiologist)
2D-ECHO
Timing : 4.30 to 5.00 PM

उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध

**DIALYSIS**
START ₹850/-

**सोनोग्राफी**
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक

Digital X-Ray 200/- से शुरु

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)
Special Price ₹ 2600/-
- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- LIVER FUNCTION TEST
- HBAIC
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
- X-Ray Chest digital
- ECG

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 40/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)
Special Price ₹700/-
CBC • FASTING BLOOD SUGAR • POST PARANDIAL BLOOD SUGAR • CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE • HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price ₹1299/-
CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING • BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT • RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC • URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 1.5, 3.0 Tesla से
Special Price ₹3500/-

सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचे

स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

**ब्लड कलैक्शन सेन्टर**

महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर,
फोन:0141-3517910, 8306300165

87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर-19,
फोन: 0141-4924112

**कलैक्शन सेन्टर्स का समय**
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक





स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक मनोज मूंदड़ा, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित। सम्पादक- संजय बियानी